## एक नजर

### महिला की मौत के मामले में एफआईआर

**बीसलपुर, अमृत विचार :** सड़क हादसे में महिला की मौत के मामले में पुलिस ने कार्रवाई की है। शाहजहांपुर जनपद के थाना निगोही क्षेत्र के ग्राम जिंदपुरा निवासी गुरदयाल सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि नौ जून को उनकी मां हरभजन कौर रामलीला मार्ग पर स्थित दुकान पर मोबाइल ठीक कराने के लिए जा रही थीं। बारह पत्थर चौराहा की तरफ जाते वक्त बाइक ने टक्कर मार दी। जिसमें उनकी मौत हो गई। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है।

### बच्चों पर बंदरों के झुंड ने किया हमला

**बीसलपुर, अमृत विचार :** क्षेत्र में पिछले कई दिनों से बंदरों का आतंक है। ग्राम मानपुर में दिन-रात बंदरों का झुंड रहता है। मंगलवार सुबह करीब नौ बजे प्रेमपाल का 12 वर्षीय पुत्र राजवीर अपने घर के पास खेल रहा था। इसी दौरान बंदरों के झुंड ने उस पर हमला कर दिया। बच्चों ने भागकर खुद को बचाया। इस दौरान बंदरों ने राजवीर व अन्य कुछ बच्चों को काट लिया। राजवीर का परिवार ने सीएचसी में इलाज कराया।

### पुलिस ने विवादित पोस्ट की शुरू की जांच

**गजरौला, अमृत विचार :** सोशल मीडिया पर एक युवती की ओर से सिद्धबाबा स्थल पर चल रहे भंडारे को लेकर विवादित रील बनाकर डालने का मामला तूल पकड़ता दिख रहा है। धार्मिक भावनाओं से खिलवाड़ करने का आरोप लगाते हुए महंत ने शिकायत की तो पुलिस जांच कर रही है। उधर, बताते हैं कि रील बनाने वाली युवती ने भी इसे लेकर सार्वजनिक तौर पर माफी मांग ली है।

### ट्रैक्टर से बैटरी चोरी आरोपी पकड़ा

**बरखेड़ा, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के गांव पुनापुर गाजीपुर कुंडा निवासी प्रेम शंकर ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि दस जून को उसका ट्रैक्टर घर के बाहर खड़ा था। सुबह करीब छह बजे जब देखा तो पता चला कि ट्रैक्टर से एक बैटरी चोरी हो चुकी है। भाई हरीश कुमार के ट्रैक्टर से भी बैटरी गायब मिली। तलाश के दौरान एक व्यक्ति के पास चोरी की गई दोनों बैटरियां मिली। आरोपी को पकड़कर पूछा तो उसने अपना नाम ग्राम उमरिया निवासी कमलेश बताया। इंस्पेक्टर प्रदीप कुमार बिश्नोई ने बताया कि आरोपी को रिपोर्ट दर्ज कर जेल भेज दिया है।

### युवती की संदिग्ध हालात में मौत

**बरखेड़ा, अमृत विचार :** कस्बे की रहने वाली एक युवती की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। पुलिस मामले की जांच कर रही है। कस्बे के वार्ड नंबर सात की रहने वाली कौशल्या (21) पुत्री स्वर्गीय मोहन स्वरुप की मंगलवार दोपहर संदिग्ध हालात में मौत हो गई। परिवार वालों ने पुलिस को सूचना दी। जिसमें बताया कि मृतका मानसिक रुप से काफी समय से अस्वस्थ चल रही थी। इसकी सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और जानकारी की। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### महिला आयोग की सदस्य करेंगी जनसुनवाई

**पीलीभीत, अमृत विचार :** राज्य महिला आयोग की सदस्य पुष्पा पांडेय बुधवार को एक दिवसीय दौरे पर आएगी। इस दौरान वे पूरनपुर तहसील सभागार में महिला उत्पीड़न क़ी रोकथाम एवं पीड़ित महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाये जाने के लिए जनसुनवाई करेंगी। जिला प्रोबेशन अधिकारी प्रगति गुप्ता ने बताया कि राज्य महिला आयोग की सदस्य पूरनपुर में पब्लिक स्कूल में जागरुकता कार्यक्रम में हिस्सा लेगी। इसके अलावा वे वन स्टॉप सेंटर, महिला थाना एवं ज़िला कारागार का निरीक्षण करेंगीं।

---

**नगर पंचायत कलीनगर में 58 लाख से सोलर बेस्ड वाटर कूलर लगाने का मामला**

# अयोग्य फर्मों की विड डालीं, शिकायत के बाद कैंसिल कर बचाई साख

## ईओ पर लगे संगीन आरोप, राज्यसभा सदस्य ने डीएम को लिखा पत्र तो मच गई खलबली

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचारः** नगर पंचायत कलीनगर में बिड का खेल चर्चा का विषय बना है। 58 लाख के काम से जुड़ी बिड में पहले तीन फर्म की विड स्वीकृत की गई। जैसे ही ईओ पर सांठगांठ करके नियम विरुद्ध तरीके से चहेतों को लाभ देने के आरोप लगे। राज्यसभा सदस्य ने डीएम को कार्रवाई के लिए पत्र लिखा तो आनन-फानन में अन्य तीनों फर्म की विड भी निरस्त कर दी गई। इसके बाद जिम्मेदार भले ही सब कुछ ठीक बताने में जुटे हो, लेकिन ईओ समेत अन्य अधिकारियों की कार्यशैली पर प्रश्नचिन्ह लगा रही है। वहीं, टेंडर प्रक्रिया के दौरान बरती लापरवाही का भी खुलासा हो गया है।



नगर पंचायत कलीनगर का भवन।

### तर्क दिए गंभीर..कार्रवाई निविदा कैंसिल तक सीमित

विकास कार्य में निविदा मांगे जाने के कुछ समय बाद ही खेल उजागर हो गया। मगर, कार्रवाई सिर्फ टेंडर प्रक्रिया निरस्त करने तक सीमित रही है। ईओ समेत अन्य जिम्मेदारों पर अपने चहेते फर्म संचालकों को बचाने के भी आरोप शिकायतकर्ता की ओर से लगाए गए हैं। बताते हैं कि शिकायत के बाद निविदा निरस्त करने के दौरान तर्क दिए गए कि एमएम कंस्ट्रक्शन का अनुभव प्रमाण पत्र, किसी भी विभाग पंजीयन प्रमाण पत्र अपलोड नहीं किया गया। श्रम विभाग पंजीकरण प्रमाण पत्र भी अमान्य है। पवन इंटरप्राइजेज का अनुभव प्रमाण पत्र, किसी भी विभाग पंजीयन प्रमाण पत्र अपलोड नहीं है। इसी तरह से आरवीआर कंस्ट्रक्शन एंड सप्लायर्स द्वारा अनुभव प्रमाण पत्र, श्रम विभाग पंजीकरण और दो पार्टनर में एक का चरित्र प्रमाण पत्र अपलोड नहीं किया गया है। खास बात थी कि स्वीकृति के बाद अस्वीकृत करने के पीछे तर्क दिया गया है कि निविदा की तकनीकी विड का पूर्ण परीक्षण न होने के कारण निविदा का टेंडर निरस्त करने की स्वीकृति दी गई ।यह भी आरोप लगाया है कि नगर पंचायत ईओ ने पूर्व में विड को स्वीकृति को दे दी लेकिन इसे लेकर परीक्षण नहीं किया गया। इसे एक बड़ी लापरवाही बताते हुए कार्रवाई की मांग की है।

### ईओ बोले: टेंडर कर दिए निरस्त, अब दोबारा होंगे

प्रथम दृष्टया जांच में चूक हो गई थी। इसके बाद री-कॉल करते हुए तकनीकी परीक्षण दोबारा किया गया था। इसमें समस्त फर्म में कोई न कोई कमी पाई गई थी। इसलिए अभी पूर्व में कराई गई टेंडर प्रक्रिया निरस्त कर दी गई है। अब दोबारा से निविदाएं मांगी जाएंगी। - **एजाज अहमद,** ईओ नगर पंचायत कलीनगर

नगर पंचायत कलीनगर में टेंडर प्रक्रिया से जुड़ा एक नया मामला सामने आया है। बताते हैं कि नगर पंचायत कलीनगर में शासन से प्राप्त स्वच्छ पेयजल योजना के तहत विभिन्न स्थानों पर सोलर बेस्ड वाटर कूलर की स्थापना के लिए आवंटित किए गए 58 लाख रुपये से कार्य कराए जाने थे। इसके लिए 21 मई 2025 को ई-निविदा आमंत्रित की गई। इसमें पहले एम-एम कंस्ट्रक्शन, पवन इंटरप्राइजेज और आरवीआर कंस्ट्रक्शन एंड सप्लायर्स की विड स्वीकृत कर ली गई, जबकि जीवी कंस्ट्रक्शन एंड सप्लायर्स की विड ये कहकर अस्वीकृत की गई कि संबंधित फर्म द्वारा अपलोड किया गया चरित्र प्रमाण पत्र 19 मई 2025 को समाप्त हो गया है। एफडीआर सचिव सहकारी गन्ना समिति कलीनगर पीलीभीत के नाम से बंधक है। इस प्रक्रिया के बाद शिकायत हुई और नगर पंचायत कलीनगर के ईओ एजाज अहमद की शिकायत शासन पर की गई।

बताते हैं कि लोकल स्तर पर भी शिकायतें हुईं। जिसके बाद राज्यसभा सदस्य मिथिलेश कुमार कठेरिया ने एक जून को डीएम को पत्र लिखा। जिसमें टेंडर प्रक्रिया में भ्रष्टाचार समेत कई गंभीर आरोप शामिल थे। जिसके बाद खलबली मची और आनन-फानन में स्वीकृत की गई अन्य तीन फर्म की विड भी पांच जून को अस्वीकृत कर दी गई है। टेंडर प्रक्रिया में चार फर्मों ने भाग लिया था। जिसमें प्रथम परीक्षण में तीन को दुरुस्त दर्शाकर विड स्वीकृत की गई। जबकि चौथी फर्म को अस्वीकृत कर दिया गया था। जो शेष तीन बकाया थीं, उनमें भी कहीं न कहीं झोल था, लेकिन मेनेज किया गया। मगर, इसकी शिकायत हो गई और उन तीन के भी विड कैंसिल करने पड़ गए। शिकायत के बाद किए गए परीक्षण अन्य तीनों की कमी भी पकड़ ली गई है। खास बात है कि शिकायत से पहले और बाद में परीक्षण करने वाले जिम्मेदार एक ही रहे। चूक स्वीकार भी की गईहै लेकिन कोई एक्शन नहीं लिया गया है।

---

# भाजपा नेता के भाई पर हमला कार तोड़ी, लूट का आरोप

संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** भाजयुमो के जिला मंत्री के भाई पर हमला कर दिया गया। आरोप है कि कार तोड़ दी गई और नकदी भी हमलावर लूट ले गए। जब वह मौके पर पहुंचे तो पीछे से उनके आवास पर हमला करके दूसरी गाड़ी भी तोड़ दी गई। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिला मंत्री प्रतीक पांडेय ने कोतवाली और सुनगढ़ी थाने में पुलिस को तहरीर देकर बताया कि नौ जून को उसके छोटे भाई अक्षत पांडेय की पत्नी की विदाई के लिए वह कार से थाना सुनगढ़ी क्षेत्र की बल्लभ नगर कॉलोनी में मूलचंद्र धर्मशाला के पास गए थे। वहां उनकी कार गली में खड़ी थी।

इस दौरान गोल्डन पार्क कॉलोनी निवासी उदित अपने साथी कुनाल और अरुण कश्यप निवासी सिविल लाइंस ,मोंटू माथुर के अलावा सात अज्ञात साथियों के साथ वहां आ गया। आरोप है कि गाड़ी पर अचानक हमला कर दिया गया। जिससे गाड़ी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। हमलावरों ने गाड़ी में रखे नवविवाहिता के करीब पांच लाख रुपये के गहने


कॉलोनी में क्षतिग्रस्त की गई कार।

- कोतवाली और सुनगढ़ी थाने में दर्ज कराई गई एफआईआर
- वल्लभनगर कॉलोनी और सुभाष नगर कॉलोनी में हुई वारदात

और ढाई लाख रुपये भी चोरी कर लिए। ये रुपये कैटरिंग वाले को दिए जाने थे। जब उन्हें इसकी जानकारी मिली तो वह मूलचंद्र धर्मशाला के समीप पहुंचे। इसी बीच हमलावरों ने उनके सुभाष नगर स्थित आवास पर खड़ी दूसरी गाड़ी को भी क्षतिग्रस्त कर दिया। इसकी सूचना उन्होंने पुलिस को दी। सूचना मिलने पर कोतवाली और सुनगढ़ी पुलिस मौके पर पहुंच गई। सीओ सिटी दीपक चतुर्वेदी ने बताया कि तहरीर के आधार पर सुनगढ़ी और सदर कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

---

# सड़क पर चबूतरे बना रहे ग्रामीणों को खदेड़ा

संवाददाता, गजरौला

- राजस्व टीम ने हटवाया सड़क से अवैध कब्ज़ा

**अमृत विचारः** सिरसा सरदाह में सड़क पर ग्रामीणों द्वारा अतिक्रमण करने की शिकायत संपूर्ण समाधान दिवस में की गई। इस पर डीएम के निर्देश पर पहुंची टीम ने अवैध कब्जा हटवाया। पुलिस ने एकत्र हुई भीड़ को सख्ती कर खदेड़ दिया।

गजरौला थाना क्षेत्र के सिरसा सरदाह गांव में लोक निर्माण विभाग 43.91 लाख से सीसी रोड और नाली का निर्माण करा रहा है। कुछ ग्रामीणों ने अवैध कब्ज़ा करते हुए चबूतरे बना लिए और मार्ग की चौड़ाई कम होने लगी। भारी वाहन निकालने में दिक्कत हुई। इसे लेकर सदर तहसील में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में पहुंचकर ग्रामीणों ने डीएम ज्ञानेंद्र सिंह से शिकायत की। बताया कि तीन मीटर का सीसी रोड बनाया जा रहा है जबकि पूर्व में डामर रोड लगभग पांच मीटर से अधिक था। माधोटांडा रोड से ग्राम मिलक व मडरिया होते हुये सिरसा सरदाह का रास्ता कंजा हरैय्या की तरफ हाईवे में मिलता है। गन्ने की फसल की फसल को इसी रास्ता से चीनी मिल तक लेकर जाते हैं। अवैध कब्जे की शिकायत पर मंगलवार को नायब तहसीलदार प्रखर सिंह के नेतृत्व में टीम पहुंची और अवैध कब्जा हटवाया। विरोध होने पर पुलिस सख्त हुई और भीड़ को खदेड़ दिया।

# मासिक स्वास्थ्य शिविर 12 जून को

**पीलीभीत, अमृत विचारः** निशक्तजन सेवा संस्थान का मासिक शिविर 12 जून को पूरनपुर रोड पर अंकुर राइस मिल परिसर में सुबह 11 बजे से दो बजे तक चलेगा। रोहिलखंड एवं मेडिकल कॉलेज बरेली के नेत्र रोग विशेषज्ञ, हृदय रोग विशेषज्ञ आएंगे।

मोतियाबिंद के मरीजों को रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल बरेली ले जाकर निशुल्क ऑपरेशन, चश्मे व दवा मुहैया कराई जाएगी। हार्ट के मरीजों की बीपी , ईसीजी व शुगर जांच डॉ. महेश चंद्रा के सहयोग से निशुल्क होगी। दवाइयां भी निशुल्क दी जाएंगी। कान की मशीनों के लिए पंजीकरण होगा। इसके लिए यूडीआईडी कार्ड, आधार कार्ड, आय प्रमाण पत्र व एक फोटो जमा करना होगा।

---

# पीलीभीत को हराकर बिलसंडा की टीम सेमीफाइनल में

संवाददाता, बिलसंडा

**अमृत विचारः** गांधी स्मारक सुंदरलाल इंटर कॉलेज मैदान पर चल रहे अंतर्राज्यीय क्रिकेट टूर्नामेंट में मंगलवार को लवली बिलसंडा और अमन इलेवन पीलीभीत के बीच क्वार्टर फाइनल खेला गया। जिसमें पीलीभीत को हराकर लवली बिलसंडा ने सेमीफाइनल में जगह बनाई।

मुख्य अतिथि एसओ बिलसंडा सिद्धांत शर्मा ने दोपहर एक बजे दोनों टीमों का परिचय लेकर टॉस कराया। राष्ट्रीय गान के बाद स्वयं थानाध्यक्ष ने भाजपा नेता अजय जायसवाल की बाल पर शॉट मारकर मैच की शुरुआत कराई। पीलीभीत टीम के कप्तान रमाकांत ने टॉस जीता, और पहले बैटिंग करते हुए 17 ओवर खेलकर कुल 118 रन बनाए। लवली बिलसंडा के खिलाड़ियों ने बेहतरीन बल्लेबाजी करते हुए महज 11 ओवर में ही मैच जीत लिया। लवली बिलसंडा के खिलाड़ी हिमांशु ने सर्वाधिक 47 रन बनाए।


शॉट लगाकर मैच की शुरुआत कराते बिलसंडा एसओ सिद्धांत शर्मा।

- एसओ सिद्धांत शर्मा ने शॉट लगाकर कराई शुरुआत
- लवली बिलसंडा ने 11 ओवर में ही जीत लिया मैच

वहीं अदनान ने सात गेंदों पर 24 रन बनाकर दो विकेट चटकाए और मैन ऑफ द मैच रहे। सभासद रामकिशोर प्रजापति, अध्यापक धीरज शर्मा, जाहिद हुसैन, आशू खान, जिम संचालक फैजान शाह ने ट्राफी सौंपी। इस मौके पर पूर्व चेयरमैन अटल जायसवाल, सुमित जायसवाल, हर्ष, शुभम जायसवाल, त्रिपुरेश गुप्ता, सभासद सुनील शुक्ला, कमल कांत मिश्रा, अजीत मिश्रा, श्रीपाल जायसवाल, अंकित जायसवाल, मनोज जायसवाल, निहाल जायसवाल, मोहक जायसवाल आदि मौजूद रहे।

---

# समर कैंप में कई बच्चे पुरस्कृत

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचारः** समर कैंप के अंतिम दिन खंड शिक्षा अधिकारियों ने अपने-अपने ब्लॉक में निरीक्षण किया। बीएसए ने बेहतर उपस्थिति आदि पर कई बच्चों को पुरस्कृत किया।

बता दें कि 21 मई से परिषदीय स्कूलों में समर कैंप आयोजित किए जा रहे थे। राजकीय हाई स्कूल महोफ में प्रभारी प्रधानाध्यापक अनामिका ने छात्र-छात्राओं को योग और प्राणायाम की जानकारी दी। इस दौरान शिक्षिका अनीता, रामकिशोर, अभिभावक मौजूद रहे। परिषदीय स्कूलों समर कैंप के दौरान स्कूली बच्चों को आत्मनिर्भर, योग, नवाचार तरीके से शिक्षण कार्य अनुदेशकों, शिक्षा मित्रो ने समर कैंप का आयोजन अपने-अपने तैनाती वाले स्कूलों में किया गया। प्राणायाम, पर्यावरण, पौधारोपण हीट वेव से बचाव की जानकारी दी।



पीएमश्री उच्च प्राथमिक विद्यालय कैंप में बच्चों को पुरस्कृत किया गया।

बीएसए अमित कुमार सिंह कंपोजिट स्कूल बरहा पहुंचे और निरीक्षण किया। इस दौरान बेहतर उपस्थिति और परफॉर्मेंस देने वाले बच्चों को सम्मानित किया गया। समर कैंप 21 मई से 10 जून तक परिषदीय स्कूलों में चलाए गए। उन्होंने जूनियर हाई स्कूल टाह पोटा और अमरिया के भगा मोहम्मदगंज स्कूल का भी निरीक्षण किया। यहां भी स्कूली बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस दौरान जिला समन्वयक राकेश पटेल, जितेंद्र कुमार आदि मौजूद रहे। बिलसंडा के बीईओ शिव शंकर मौर्य ने जूनियर हाई स्कूल नांद में स्कूली बच्चों से सवाल जवाब कर समर कैंपों के अनुभव पूछे। पीएमश्री उच्च प्राथमिक विद्यालय कैंच में समर कैंप के अंतिम दिन बच्चों के अभिभावक भी आमंत्रित किए गए। प्रधान रेखा देवी, प्रबंध समिति उपाध्यक्ष विद्या देवी, सदस्य गिरिजा शंकर भी रहे। बच्चों को कॉपी, कलर, पेंसिल, कटर, रबड़ आदि बांटे गए।

# तीन जिलों की 119 माइनरों में 17 तक बंद रहेगा पानी

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- दूनी बैराज के मरम्मत का कार्य शुरु, बरेली,पीलीभीत शाहजहांपुर की नहरें प्रभावित

**अमृत विचारः** देवहा नदी पर बने दूनी बैराज को सुरक्षित करने के लिए मरम्मत कार्य शुरू कराया गया है। कार्य के चलते पीलीभीत बरेली एवं शाहजहांपुर जिले में माइनर एवं नहरें बंद रहेगी। शारदा सागर खंड के अधिशासी अभियंता के मुताबिक 17 जून तक पानी सप्लाई बंद की गई है।

संभावित बाढ़-बारिश को देखते हुए बाढ़ ग्रस्त इलाकों में बाढ़ बचाव कार्य कराए गए हैं। बैराजों को सुरक्षित रखने के लिए कार्य कराए जा रहे है। देवहा नदी पर बने दूनी बैराज पर भी सुरक्षा की दृष्टि से कार्य शुरू कराया गया है। अधिशासी अभियंता बीके पोरवाल ने बताया कि पीलीभीत में डीबी फीडर नहर प्रणाली के अंतर्गत जगत माइनर, कैलाश राजवाहा, गायबोझ ,माधोपुर जतीपुर, नवदिया सिठौरा, करघैना रजवाहा, रम्पुरा समेत 31 माइनर व रजवाहा बंद रहेंगे।

वहीं बरेली के डीबी फीडर के अंतर्गत चुरैली राजवाह, अटरिया, कल्यानुपर चुरेला , रिछा ब्रांच, पिपरा , बसंतनगर, डडिया अहमदाबाद समेत 47 माइनर और रजवाहों को बंद किया गया है।

शाहजहांपुर के अंतर्गत खिरियामाल बहादुरपुर हसनपुर माइनर, मदनापुर राजवाह, भावीपुर माइनर, कोटा , सिकंदरपुर, उदरापुर, झपका दिलावरपुर कुदैयापुर पिथनापुर माइनर, चाहरपुर माइनर समेत 41 माइनर एवं रजवाहा में पानी का संचालन 17 जून तक बंद रहेगा।

## सार-संक्षेप

### ट्रेन से गिरकर युवक की मौत, शिनाख्त नहीं



**न्यूरिया, अमृत विचार :** ट्रेन से गिरकर एक युवक की मौ तहो गई। पुलिस शव पोस्टमार्टम को भेज जांच कर रही है। घटना न्यूरिया थाना क्षेत्र में कस्बे से सटे एक बरात घर के पास की है। यहां से पीलीभीत-टनकपुर रेलवे लाइन गुजरी है। मंगलवार को एक युवक का शव रेलवे लाइन के पास मिला। बताते हैं कि वह ट्रेन से गिर गया था। इसी में उसकी जान चली गई। ग्रामीणों से सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और जानकारी की। शव की शिनाख्त के प्रयास किए जा रहे हैं।

### बच्चों को नाले और तालाब के तरफ ना जाने दें



**अमरिया, अमृत विचार :** बाढ़ एवं आपदा से निपटने के लिए तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। इसी के तहत ब्लॉक सभागार में मंगलवार को बाढ़ राहत चौपाल लगाई गई। जिसमें ग्रामीणों को जागरुक किया गया। एसडीएम मयंक गोस्वामी ने कहा कि बाढ़ क्षेत्र में आशाओं को दवाई की किट वितरण किया जाएगा। बरसात के समय बच्चों को नाले और तालाब के तरफ ना जाने दें। 15 जून से मस्जिदों गुरुद्वारों और मंदिरों में अलॉटमेंट कराया जाए। छह बाढ़ चौकियां बनाई गई है। सभी चौकियों पर प्रभारी तैनात कर दिए गए हैं। बाढ़ से पहले की सावधानी और बचाव के बारे में विस्तार से बताया। नायाब तहसीलदार रमेश चंद्र ने ग्राम प्रधान, सचिव, लेखपाल, कोटेदार, आंगनवाड़ी आदि संग बैठक की। बताया कि क्षेत्र के 31 गांव बाढ़ से प्रभावित होते हैं।

---

# गजरौला में किसानों को विशेषज्ञों ने दिया आधुनिक खेती का प्रशिक्षण

संवाददाता, गजरौला

**अमृत विचारः** मरौरी ब्लॉक क्षेत्र के गांव लौकहा, जैतपुर और खाग में मंगलवार को विकसित कृषि संकल्प अभियान का आयोजन किया गया। विशेषज्ञों ने किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों की जानकारी दी। जैविक खेती और जल संरक्षण के तरीकों से अवगत कराया। उन्नत बीजों के उपयोग के बारे में भी बताया गया।

खाग गांव में केन्द्रीय पक्षी अनुसंधान संस्थान के डा. एमपी सागर ने खेती के साथ ही मुर्गीपालन अंडा उत्पादन को एक सहायक आय का साधन बताया। कहा कि इससे प्रतिदिन की नकद आमदनी आपके घरेलू खर्च में सहायक होगी। कृषि विज्ञान केंद्र के प्रभारी वैज्ञानिक डा.एस एस ढाका ने कहा कि खेती को जहर मुक्त करने में किसान की भलाई है।


किसानों को उन्नत खेती के बारे में जानकारी देते कृषि वैज्ञानिक। ● अमृत विचार

- विकसित कृषि संकल्प अभियान कार्यक्रम आयोजित

देशी खाद के माध्यम से खेती को जहर मुक्त करना सरल उपाय है। जिला कृषि रक्षा अधिकारी श्याम नरायन ने असली, नकली रसायनों की पहचान बताई। जिला कृषि धिकारी नरेन्द्र पाल ने कृषि विभाग द्वारा सोलर पम्प की उपलब्धता के बारे में बताया। संचालन खंड तकनीक प्रबंधक प्रदीप कुमार मिश्रा ने किया।

# रुपये लेने गए युवक पर चाकू से हमला, धमकाया

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- कोतवाली क्षेत्र के आवास विकास कॉलोनी में पांच जून को हुई घटना
- पीड़ित की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने दर्ज की तीन पर रिपोर्ट

**अमृत विचार :** रुपये लेने पहुंचे एक युवक पर आवास विकास कॉलोनी में कुछ लोगों ने रंजिश के चलते चाकू से हमला कर दिया। जिसमें वह लूहलुहान हो गया। किसी तरह पीड़ित मौके से जान बचाकर वहां से भागा। एसपी के आदेश पर तीन आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

कोतवाली क्षेत्र के छोटा खुदागंज निवासी मोहम्मद तौफिक कादरी ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि पांच जून की शाम साढ़े छह बजे वह आवास विकास कॉलोनी में मोना के घर उसके बुलाने पर समूह के रुपये लेने गया था। तभी वहां बहार मोनू उर्फ वसीम खान, उसका भाई शिम्मी, वसीम की पत्नी सना ने उसके साथ गाली गलौज शुरु कर दी। विरोध करने पर मारपीट की गई। घर से बाहर निकले तो वसीम ने चाकू से हमला कर दिया। शिम्मी ने पीछे से उसके हाथ पकड़ लिए और वसीम ने उसके पेट पर चाकू से वार किए। शोर सुनकर भीड़ एकत्र हो गई। इस पर आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। कोतवाल राजीव कुमार सिंह ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। घायल का मेडिकल परीक्षण कराकर जांच करा रहे हैं।

# बजरंग दल जिलाध्यक्ष समेत 6 गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- सोमवार को लोधीपुर और कोतवाली के बाहर हुई थी दो समुदाय में मारपीट
- पुलिस ने दो अलग-अलग तहरीरों पर 25 लोगों के खिलाफ दर्ज की थी रिपोर्ट

> दो पक्षों के बीच हुई मारपीट के मामले में 25 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज है। छह आरोपियों का चालान कर कोर्ट में पेश किया गया था। अन्य आरोपियों को भी जल्द गिरफ्तार किया जाएगा। - **सत्येंद्र कुमार,** कोतवाल पूरनपुर

**अमृत विचार :** पूरनपुर में एक दिन पहले स्विमिंग पूल विवाद के बाद दो समुदायों के बीच हुई झड़प के मामले में पुलिस ने सख्ती दिखाते हुए भारतीय बजरंग दल के जिलाध्यक्ष सहित छह लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इस प्रकरण में स्विमिंग पूल संचालक व एक अन्य युवक की ओर से दी गई तहरीर के आधार पर कुल 25 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई गई।

पूरनपुर कोतवाली क्षेत्र के गांव लोधीपुर में सोमवार को एक स्विमिंग पूल पर विवाद उस समय बढ़ गया था जब भारतीय बजरंग दल से जुड़े कुछ कार्यकर्ताओं ने दो युवकों साबिर और रियाज के साथ मारपीट की। आरोप है कि धारदार हथियार से हमला कर उन्हें घायल कर दिया। भीड़ जमा होने पर हमलावर धमकी देकर मौके से भाग गए। घटना के बाद रियाज ने कोतवाली पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। रात एक संगठन के करीब दो दर्जन लोग कोतवाली पहुंचे और बाहर निकलते ही अस्पताल में मौजूद शोएब की पिटाई कर दी। शोएब की चीख सुनकर परिजन पहुंचे और उन्होंने एक युवक को र अस्पताल के कमरे में बंद कर पिटाई कर दी। पूरनपुर पुलिस के साथ ही घुघंचाई और माधोटांडा थानों की फोर्स पहुंची और सख्ती कर मामला शांत कराया था। पूरनपुर पुलिस ने रियाज की तहरीर पर अनूप वर्मा, जीत सिंह समेत 10 अज्ञात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की।

शोएब की तहरीर पर भारतीय बजरंग दल जिलाध्यक्ष संजय मिश्रा, विपिन, सतनाम, जीत सिंह, उदित पांडे, कमल, आकाश, शरद राठौर, निलेश पांडे, अमन राणे, सनी गोस्वामी, अनूप वर्मा, भानू के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई। मंगलवार को पुलिस ने इस मामले में संजय मिश्रा, जीत सिंह, सुशील गुप्ता, विपिन, अनूप वर्मा और आकाश को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

पाँच पीढ़ी की विश्वसनीय हींग परम्परा
बस "खुशबू" ही नहीं स्वाद भी है
"शुद्धता का एहसास" ... भी है।...
हर समझदार गृहणी की पसन्द
एम. के. बन्धानी हींग
श्री के.एम. डिस्ट्रीब्यूटर
51/71, नारायन प्लाजा, नयागंज, कानपुर
फोनः 9519456555, 9695416555

## शहर में आज

- सदर तहसील समेत चार स्थानों पर परिवार परामर्श केंद्र शिविर सुबह 10 बजे।
- बिलसंडा के हनुमान मंढी मंदिर में भंडारा दोपहर 12 बजे से।
- राज्य महिला आयोग की सदस्य पुष्पा पांडेय का आगमन सुबह 09 .30 बजे।

## एक नजर

### पुरानी रंजिश में युवक को पीटा

**बीसलपुर, अमृत विचार** : मोहल्ला दुर्गा प्रसाद के करन मिश्रा पुत्र राम बहादुर ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि कुछ वर्ष पहले मोहल्ले के ही दो लड़कों से उसकी कहासुनी हो गई थी। इसकी रंजिश में दोनों आरोपियों ने मंगलवार को घेरकर उनकी पिटाई कर दी। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### किशोरी को फुसलाकर ले जाने की रिपोर्ट

**बीसलपुर, अमृत विचार** : कोतवाली में दी गई तहरीर में क्षेत्र के एक व्यक्ति ने बताया कि ग्राम अडौली का रहने वाला सकूर अहमद राजमिस्त्री है। वह उनके साथ देहरादून उत्तराखंड में काम करता था। इस वजह से अच्छी जान पहचान हो गई थी। घर पर आना जाना रहता था। दो जून को आरोपी उनके घर आया और नाबालिक बहन को फुसलाकर ले गया। परेवा वैश्य गांव निवासी बहनोई तालिब ने भी मदद की। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर जांच कर रही है।

### ईदी देने से मना करने पर युवक को पीटा

**पीलीभीत, अमृत विचार** : ईदी देने से मना करने पर एक युवक की पिटाई कर दी गई। सुनगढ़ी क्षेत्र के ग्राम गौहनिया की निवासी परवीन ने बताया कि सात जून को उसका बेटा मो .इलयास गौहनिया क्रासिंग पर गांव के ही चांद बाबू के साथ खड़ा था। वहां पर फुरकान, शाहिद अपने अज्ञात साथियों के साथ आ गए। आरोपियों ने ईद को लेकर रुपये मांगे। न देने पर हमला कर पिटाई कर दी। चांद बाबू ने बचाने का प्रयास किया तो उसे भी मारा गया।

### युवक को घर बुलाकर पीटा, मोबाइल छीना

**पीलीभीत, अमृत विचार** : थाना सेहरामऊ उत्तरी क्षेत्र के गांव महादेव माती के रहने वाले विपिन पुत्र श्रीपाल ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसको गांव का ही रहने वाला एक व्यक्ति अपने घर बुलाकर ले गया था। आरोपी ने अपने साथियों संग मिलकर उसके साथ मारपीट की। पिटाई करने के बाद दो हजार रुपये और मोबाइल छीन लिया। विरोध करने पर आरोपियों ने उल्टा उस पर ही मोबाइल चोरी का आरोप लगा दिया।

### डिवाइडर से टकराई कार तीन घायल

**गजरौला, अमृत विचार** : मरौरी ब्लॉक में तैनात तकनीकी सहायक सुनील कुमार सोमवार को शहर लौट रहे थे। रात करीब 10 बजे कार अनियंत्रित होकर गजरौला थाना क्षेत्र के सराय सुंदरपुर गांव के पास टोल प्लाजा के डिवाइडर से टकरा गई। जिसमें कार क्षतिग्रस्त हो गई इससे सुनीलऔर उनके दो साथी घायल हो गए।

# 4 घंटे हुई जद्दोजहद, खाली नहीं हुआ कार्यालय..समय देकर लौटे अफसर

## शुरुआत में बरती गई सख्ती मगर बाद में बैकफुट पर आए जिम्मेदार, ईओ के आवास में है संचालित, दस जून को खाली कराया जाना था सपा कार्यालय

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत



नकटादाना चौराहा पर तैनात भारी पुलिस बल। ● अमृत विचार



कार्यालय खाली न करने पर कार्रवाई की चेतावनी का एनाउंसमेंट करते अधिकारी।



सपा कार्यालय में मौजूद कार्यकर्ताओं को बाहर जाने के लिए कहता फोर्स।

**अमृत विचारः** नगर पालिका ईओ के सरकारी आवास में संचालित हो रहे सपा कार्यालय को दस जून को खाली कराने की कार्रवाई चार घंटे चली जद्दोजहद के बाद फिर टल गई। शुरुआत से सख्त रुख अपनाए अधिकारियों का मिजाज अचानक बदला और फिर छह दिन का समय दे दिया गया है। सपा जिलाध्यक्ष की ओर से लिखा-पढ़ी कराकर अफसर चले गए।

बता दें कि नकटादाना चौराहा पर स्थित सपा कार्यालय को दस जून को खाली कराने के लिए नगर पालिका प्रशासन की ओर कार्रवाई कर ली गई थी। ये भवन नगर पालिका ईओ का सरकारी आवास है। जिसे 2005 में समाजवादी पार्टी को किराए पर दिया गया था। 12 नवंबर 2020 को आवंटन निरस्त कर दिया गया। इसके बाद मामला कोर्ट भी पहुंचा। कई बार प्रयास किए गए लेकिन भवन पर नगर पालिका को कब्जा नहीं मिल सका। बीते 18 मई को नगरपालिकाध्यक्ष डॉ.आस्था अग्रवाल ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात के दौरान इस प्रकरण को रखा। मामला शासन स्तर पर पहुंचने के बाद तेजी से कार्रवाईयां चली और दस जून को भवन पर नगरपालिका को कब्जा लेना था। जिसके लिए सख्त बंदोबस्त कर लिए गए। मंगलवार को सुबह से ही सिटी मजिस्ट्रेट विजय वर्धन तोमर, एसडीएम सदर आशुतोष गुप्ता, सीओ सिटी दीपक चतुर्वेदी, ईओ संजीव कुमार, तहसीलदार अर्ची गुप्ता समेत तमाम अधिकारी सपा कार्यालय के बाहर जमा हो गए।



सपा कार्यालय के बाहर अग्रिम कार्रवाई को लेकर मंथन करते सिटी मजिस्ट्रेट और सीओ।

सपा जिलाध्यक्ष जगदेव सिंह जग्गा, महासचिव नफीस अहमद अंसारी, विधानसभा बीसलुपर के प्रभारी दिनेश प्रताप सिंह, युवजन सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजकुमार राजू, महिला सभा की राष्ट्रीय सचिव दिव्या गंगवार, जिला उपाध्यक्ष नरेंद्र मिश्र कट्टर, डिंपल गौड़, यूसुफ कादरी, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष आरती महेंद्र, जिला प्रवक्ता अमित पाठक एडवोकेट, हरगोविंद गंगवार, रियाज खां समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता जमा थे। इस कार्रवाई को राजनीतिक द्वेष भावना से बताते हुए नारेबाजी की गई। पुलिस बल की मौजूदगी में सपा नेताओं से बातचीत चली। जिसमें एक पत्र दिया गया और अधिकारियों से छह माह का समय मांगा। मगर, ईओ की ओर से समय न देने का आग्रह किया गया। इसके बाद चार घंटे तक जद्दोजहद चली। डीएम से भी कुछ सपा नेता मुलाकात करने के लिए पहुंचे। फिर एक वक्त ऐसा आया कि लगा अब कार्यालय खाली करा लिया जाएगा। अधिकारियों ने कार्यालय के बाहर जमा कार्यकर्ताओं को हटाया। इसके बाद एनाउंसमेंट किए गए कि अगर पांच मिनट में कार्यालय से कब्जा नहीं छोड़ा गया और सरकारी कार्य में व्यवधान उत्पन्न किया गया तो एफआईआर की कार्रवाई की जाएगी। भारी फोर्स के साथ अधिकारी भीतर घुसे। जिलाध्यक्ष सपा समेत अन्य पदाधिकारियों से वार्ता का दौर चलता रहा। चार घंटे बाद दोपहर करीब एक बजे अचानक प्रशासन बैकफुट पर आया। फिर समय देने को लेकर लिखापढ़ी शुरू कर दी गई। अंत में छह दिन का समय और देते हुए अधिकारी लौट गए। तय तिथि पर भवन को खाली नहीं कराया जा सका। हालांकि अधिकारियों ने जिलाध्यक्ष से छह दिन की दी गई मोहलत के संबंध में लिखापढ़ी भी की है।

### पूर्व जिलाध्यक्ष ने खुद पर उठे सवालों का दिया जवाब

पूर्व जिलाध्यक्ष आनंद सिंह यादव द्वारा हाईकोर्ट में डाली गई याचिका के वापस लेने की बात जोरशोर से कही जा रही थी। ऐसे में पूर्व जिलाध्यक्ष ने भी अपना पक्ष रखा। उनका कहना था कि अपने जिलाध्यक्षी के कार्यकाल में नगरपालिका का नोटिस मिलने पर उन्होंने पूर्व कैबिनेट मंत्री हाजी रियाज अहमद, अधिवक्ता एवं वरिष्ठ सपा नेता अमित पाठक आदि से विचार विमर्श करके हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। मगर बहस के दौरान सीधे हाईकोर्ट आने की बात सवाल के तौर पर की गई। इसके बाद हाइकोर्ट के अधिवक्ता ने पूर्व मंत्री को सलाह दी थी कि याचिका वापस लेकर निचली अदालत में जाएं। अगर याचिका खारिज होती तो दोबारा हाईकोर्ट नहीं जा सकते थे। निचली अदालत में जाने से पहले ही जिलाध्यक्ष पद हट गया। ये भी कहा कि उन्होंने तीन माह का किराया भी जमा कर दिया था, जोकि मार्च 2021 तक जमा था। मगर इसके बाद नए पदाधिकारियों की जिम्मेदारी थी।



सपा जिलाध्यक्ष से वार्ता करते सिटी मजिस्ट्रेट विजय वर्धन तोमर।

### फटकार पर पहुंचे ईओ..बाद तक घबराए दिखे

सपा कार्यालय को खाली कराने को लेकर चल रही जद्दोजहद के बीच पुलिस प्रशासनिक अधिकारी मौके पर मोर्चा संभाले हुए थे। इसी बीच एक अफसर ने ईओ नगर पालिका के बारे में पूछा तो पता चला कि वह अभी आए नहीं है। इस पर ईओ की फटकार लगाई। फिर ईओ मौके पर पहुंच गए। इसके बाद भी घबराए से दिखे। जिसे लेकर पुलिस प्रशासनिक अधिकारी उनका हौसला बढ़ाते हुए नजर आए।

### छावनी बना रहा नकटादाना चौराहा, पीएसी भी लगाई

भले सपा कार्यालय खाली नहीं कराया जा सका हो और छह दिन की और मोहलत दे दी गई है। मगर, मंगलवार को सुबह से ही इस कार्रवाई को लेकर खलबली मची रही। सुबह से ही भारी पुलिस बल तैनात रहा। विरोध की आशंका को देखते हुए कई गाड़ियां भी पुलिस की खड़ी कर ली गई थी। पीएसी की भी तैनाती रही। आसपास के कई दुकानदारों ने अपने प्रतिष्ठान भी बंद रखे।

### ताले लिए तैयार खड़ी रही नगर पालिका टीम

इस चार घंटे की कार्रवाई के दौरान कब्जा लेने के लिए पूरी तैयारियां की गई थी। नगर पालिका की एक टीम परिसर में सब कुछ चेक करती रही। इस दौरान नए ताले भी मंगवा लिए गए थे। जिनको लगाने के लिए तैयारी की गई थी। ईओ आवास के अलावा नजदीक की अन्य संपत्ति को लेकर भी सवाल उठे तो उसे लेकर भी जानकारी की जाती रही। मगर, बाद में समय दे दिया गया तो ताले लेकर कर्मचारी भी लौट गए।

# शव लेकर जा रही एंबुलेंस टकराई, दो घायल

संवाददाता, बरखेड़ा



एंबुलेंस पलटने के बाद मौके पर लगी भीड़। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** दस दिन पूर्व मार्ग दुर्घटना में घायल हुई सात वर्षीय बालिका की इलाज के दौरान बरेली के एक निजी अस्पताल में मौत हो गई। पोस्टमार्टम के बाद शव लेकर आ रही एंबुलेंस कस्बे में गांधी आश्रम के सामने साइकिल सवार से टकराकर पलट गई। हादसे में साइकिल सवार और एंबुलेंस चालक घायल हो गए।

बरेली थाना भुता के गांव कौवाखेड़ा निवासी गोधन लाल ने बताया कि कोतवाली बीसलपुर के गांव भसूडा निवासी उनकी धेवती सात वर्षीय कनक पुत्री कृष्णपाल 31 मई को सड़क हादसे में घायल हो गई थी। बरेली के निजी अस्पताल में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पोस्टमार्टम कराकर दोपहर बाद पीलीभीत से शव मिनी एंबुलेंस से घर ले जा रहे थे। इस बीच गांधी आश्रम के पास एंबुलेंस की साइकिल सवार से टक्कर हो गई। टक्कर होने के बाद एंबुलेंस मार्ग पर ही पलट गई। हादसे में साइकिल सवार थाना क्षेत्र के गांव जगीपुर निवासी छोटेलाल और एंबुलेंस चालक बरेली के गांव रसूलपुर निवासी चंद्रप्रकाश घायल हो गए।

# पति के खिलाफ कार्रवाई की मांग

**पीलीभीत, अमृत विचारः** कोतवाली पूरनपुर क्षेत्र के गांव रुदपुर की रहने वाली जावित्री देवी ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसके तीन बच्चे हैं। पति दूसरी महिला के चक्कर में है। जिसके चलते आए दिन गाली गलौज और मारपीट की जाती है।

तहरीर में महिला ने बताया कि पति उसे कमरें में बंद कर देता है। कई बार पति ने उसका गला दबाकर उसे जान से मारने का प्रयास भी किया परिवार के लोगों ने बचाया और उसे समझाया, लेकिन वह अपनी हरकत से बाज नहीं आया। आरोप हैकि पति उसे आत्महत्या के लिए उकसाता है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# शारदा नदी में डुबकी लगवाकर कराया धर्म परिवर्तन, पादरी समेत सात पर रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- **बीमारी से छुटकारा और आर्थिक मदद का लालच देकर कराया था धर्म परिवर्तन**

**अमृत विचार** : शारदा पार हजारा क्षेत्र के ग्राम नानकनगरी बैल्ला से धर्म परिवर्तन का एक वाला मामला सामने आया है। गरीब और बीमार महिला को झांसे में लेकर पहले ईसाई धर्म अपनाने के लिए मजबूर किया गया और विरोध किया तो उसके साथ मारपीट की गई। पीड़िता की तहरीर पर सात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

हजारा थाना क्षेत्र के गांव नानक नगरी बैल्हा निवासी संतकौर ने बताया कि वह कई वर्षों से अस्वस्थ हैं। आर्थिक तंगी के चलते इलाज नहीं करा पा रही। आठ माह पूर्व गांव की सुमित्रा कौर पत्नी मंगल सिंह, छिंदो कौर समेत अन्य महिलाएं घर आईं और बीमारी की जानकारी ली। जिसके बाद वे लोग उसे बहलाकर ईसाई धर्म में दीक्षा दिलाने ले गए। आरोप है कि पादरी हरजीत सिंह, मीना कौर, सुरजीत कौर, सुमित्रा कौर, छिन्दोकौर, सुरेंद्र सिंह, हरजिंदर सिंह ने उसे विश्वास में लेकर कहा कि अगर वह ईसाई धर्म अपना लेगी तो उसके सारे दुःख दूर हो जाएंगे और ट्रस्ट की ओर से 50 हजार की मदद दी जाएगी। महिला के अनुसार उसे शारदा नदी के तट पर ले जाकर आंखों पर पट्टी बांधकर डुबकी लगवाई गई और मांस जैसा कोई अजीब पदार्थ जबरन खिलाया गया।

इसके बाद उसे प्रसाद के रूप में मीठा भी खिलाया गया। चार महीने बाद भी न तो कोई मदद मिली और न ही कोई लाभ। जब उसने इसका विरोध किया तो आरोपियों ने उसे गालियां दीं, जान से मारने की धमकी दी और मारपीट भी की। गांव के लोगों को भी हस्तक्षेप नहीं करने को धमकाया गया । इस पूरी घटना से महिला का परिवार दहशत में है। हजारा पुलिस ने सात आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

# बरेली के किन्नरों को फंसाने के लिए रची थी साजिश

संवाददाता, अमरिया

**अमृत विचारः** किन्नर को गोली मारने की घटना का अमरिया पुलिस ने खुलासा कर दिया। जिसमें मामला दूसरे साथी किन्नरों को फंसाने का निकला। पुलिस ने दो आरोपियों ग्राम भगाडांडी निवासी मुश्ताक अहमद और ग्राम मुड़लिया गौसू के निवासी मोहम्मद शान को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। उसके पास से तमंचा, कारतूस, 15 हजार रुपये, बाइक आदि बरामद किए। दरोगा असगर हुसैन ने बताया कि पकड़े गए आरोपी मुश्ताक से पूछताछ की गई। जिसमें उसने बताया कि 19 मई को करिश्मा किन्नर, उसकी बहन शबीना, भाई मोहम्मद शान और अन्य लोगों ने एक साजिश रची थी। जिसमें बरेली के किन्नरों को झूठे मुकदमे में फंसाने की योजना बनाई गई थी। इसी के तहत करिश्मा किन्नर ने मुश्ताक से गोली चलवाई और इसके एवज में 50 हजार रुपये दिए थे। ये भी बताया कि करिश्मा किन्नर के गुरु ने अपना बधाई का इलाका बरेली के किन्नरों को बेच दिया था।

# स्वीकारी गलती, फिर भी फर्जी निस्तारण

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- **पीड़ित ने लोकपाल मनरेगा से की शिकायत, दोषियों पर कार्रवाई की तैयारी**
- **पूरनपुर ब्लाक में पात्र की जगह अपात्र को पशु शेड आवंटित किए जाने का मामला**

**अमृत विचारः** पूरनपुर ब्लाक की एक ग्राम पंचायत में अपात्र को पशु शेड का आवंटन कर दिया गया। जांच में मामला सही पाया गया। जिम्मेदारों ने भी गलती स्वीकारी। इसके बावजूद फर्जी तरीके से शिकायत की निस्तारण कर दिया। लोकपाल मनरेगा के संज्ञान में मामला आने के बाद अब सभी तथ्यों को देखा जा रहा है।

मामला पूरनपुर ब्लाक की ग्राम पंचायत पिपरा मुजप्ता का है। गांव निवासी अनुसूचित जाति के श्रीपाल पुत्र कंधई लाल का नाम पशु शे व्यक्तिगत योजना के अंतर्गत वर्ष 2023 -24 एवं 2024-25 प्रस्तावित था। आरोप है कि ग्राम प्रधान एवं ब्लाक के मनरेगा कर्मियों के मिलीभगत से पात्र व्यक्ति को योजना का लाभ न देकर सांठगांठ कर पात्र व्यक्ति के नाम से से मिलते जुलते पिछड़ी जाति के अन्य व्यक्ति श्रीपाल पुत्र मिश्रीलाल को दे दिया गया। पीड़ित ने इस मामले की शिकायत आईजीआरएस पोर्टल समेत उच्चाधिकारियों से की। इस पर तत्कालीन सीडीओ द्वारा तत्कालीन खंड विकास अधिकारी से रिपोर्ट तलब की गई। बताते हैं कि जांच में भी पात्र के स्थान पर अपात्र को पशु शेड देने का मामला पाया। जिम्मेदारों ने अपने स्तर से हुई गलती भी स्वीकारी। अब पीड़ित ने लोकपाल मनरेगा कार्यालय का दरवाजा खटखटाया है। लोकपाल मनरेगा जीएल वर्मा ने बताया कि इसमें शामिल लोगों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# माला नदी में उतराता मिला ग्रामीण का शव

संवाददाता, दियोरियाकलां

**अमृत विचारः** मेला देखने आए एक ग्रामीण की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। उसका शव माला नदी में उतराता मिला। शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटना के बाद परिवार में कोहराम मचा रहा।

बरखेड़ा थाना क्षेत्र के ग्राम कबूलपुर के रहने वाले 50 वर्षीय नत्थूलाल पुत्र रोशनलाल खेती करते थे। वह खामघाट पुल के पास स्थित ब्रह्मदेव स्थल पर चल रहे मेले में आए थे। मगर, इसके बाद से घर नहीं पहुंचे थे। दूसरे दिन मंगलवार को नत्थूलाल का शव ब्रहमदेव स्थल से कुछ ही दूरी पर माला नदी में उतराता मिला। शव पर नजर पड़ते ही भीड़ जमा हो गई। इसकी सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और जानकारी की। परिवार वाले भी आ गए। उनका रोकर बुरा हाल रहा। कोतवाल दिगंबर सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मौत की वजह पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने पर स्पष्ट हो सकेगी।

# रुपये लेने गए युवक पर चाकू से हमला, धमकाया

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- **कोतवाली क्षेत्र के आवास विकास कॉलोनी में पांच जून को हुई घटना**
- **पीड़ित की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने दर्ज कीं तीन पर रिपोर्ट**

**अमृत विचार** : रुपये लेने पहुंचे एक युवक पर आवास विकास कॉलोनी में कुछ लोगों ने रंजिश के चलते चाकू से हमला कर दिया। जिसमें वह लूहलुहान हो गया। किसी तरह पीड़ित मौके से जान बचाकर भागा। एसपी के आदेश पर तीन आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

कोतवाली क्षेत्र के छोटा खुदागंज निवासी मोहम्मद तौफिक कादरी ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि पांच जून की शाम साढ़े छह बजे वह आवास विकास कॉलोनी में मोना के घर उसके बुलाने पर समूह के रुपये लेने गया था। तभी वहां बहार मोनू उर्फ वसीम खान, उसका भाई शिम्मी, वसीम की पत्नी सना ने उसके साथ गाली गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर मारपीट की गई। घर से बाहर निकले तो वसीम ने चाकू से हमला कर दिया।

शिम्मी ने पीछे से उसके हाथ पकड़ लिए और वसीम ने उसके पेट पर चाकू से वार किए। शोर सुनकर भीड़ एकत्र हो गई। इस पर आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। कोतवाल राजीव कुमार सिंह ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। घायल का मेडिकल परीक्षण कराकर जांच करा रहे हैं।

## सोमवार रात बाघिन को पकड़ने को शुरु हुआ रेस्क्यू ऑपरेशन, गांव मेवातपुर में बाघिन हमले में किसान की मौत का मामला

# जाल फेंसिग बनी रोड़ा, ट्रेंकुलाइज कर जंगल भेजी जाएगी बाघिन

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- **आनन फानन में शासन से मांगी ट्रेंकुलाइज करने की अनुमति**
- **फेसिंग की वजह से बाघिन के जंगल जाने की संभावनाएं कम**

**अमृत विचारः** माला जंगल के समीप किसान को मारने वाली बाघिन अब ट्रेंकुलाइज कर पकड़ी जाएगी। दरअसल जंगल सीमा पर जाल फेसिंग होने से हमलावर बाघिन के जंगल में वापस जाने में अड़चनें आ रही है। रिहायशी इलाके में डेरा जमाए बाघिन कहीं किसी अन्य व्यक्ति पर हमला न कर दें, ऐसे में सोमवार शाम ही शासन से बाघिन को पकड़ने की अनुमति मांगी गई। अनुमति मिलने के बाद सोमवार देर शाम ही रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू कर दिया। घटना स्थल से कुछ दूरी पर ट्रेप एनिमल भी बांधा गया, मगर बाघिन उसके पीछे से होकर गुजर गई। अब टाइगर रिजर्व प्रशासन बाघिन को मंगलवार रात में ट्रंकुलाइज कर पकड़ने की तैयारी में जुट गया है।

> बाघिन को पकड़ने के लिए सोमवार को ही अनुमति मिल गई है। सोमवार देर शाम रेस्क्यू ऑपरेशन भी शुरू कर दिया गया था। रात बाघिन को ट्रेंकुलाइज करने के प्रयास भी किए गए, मगर सफलता नहीं मिल सकी। उम्मीद है कि जल्द ही बाघिन को रेस्क्यू कर लिया जाएगा। – **मनीष सिंह**, डिप्टी डायरेक्टर, पीलीभीत टाइगर रिजर्व।

बीते सोमवार तड़के थाना न्यूरिया क्षेत्र के गांव मेवातपुर निवासी किसान मुकेश कुमार की बाघिन के हमले में मौत हो गई थी। किसान की मौत से ग्रामीण भी खासे आक्रोशित हो उठे थे। डीएम ज्ञानेंद्र सिंह के मौके पर पहुंचने के बाद मामला शांत हो सका था। घटना के बाद हमलावर बाघिन के आसपास खेतों में मौजूद होने की बात कही जा रही थी। इसके बाद बाघिन की लोकेशन ट्रेस करने के दौरान गन्ने के खेत में बैठी बाघिन ने माला रेंजर समेत टीम पर हमले का भी प्रयास किया, मगर सूझबूझ के चलते टीम सुरक्षित बच गई। आबादी को सुरक्षित करने के लिए जाल भी लगाया दिया गया था। वन अफसरों द्वारा हमलावर बाघिन को जंगल में खदेड़ने की रणनीति भी बनाई गई, बाघिन की जंगल वापसी में जंगल सीमा पर लगी जाल फेंसिंग ही रोड़ा बन गई। दरअसल जंगल से सटे संवेदनशील गांवों को सुरक्षित करने के लिए माला एवं महोफ रेंज की सीमा पर जाल फेंसिंग कराई गई है। हर तरफ जाल फेंसिंग लगी होने से बाघिन को जंगल में खदेड़ने की योजना फेल होती देख टाइगर रिजर्व प्रशासन ने सोमवार को ही शासन स्तर पर उच्चाधिकारियों को अवगत कराते हुए बाघिन को ट्रेंकुलाइज कर पकड़ने की अनुमति मांगी थी। सोमवार शाम ही बाघिन को ट्रेंकुलाइज कर पकड़ने की अनुमति दे दी गई थी। रिहायशी इलाके में घूम रही बाघिन के कारण कहीं कोई और अनहोनी न हो जाए, टाइगर रिजर्व प्रशासन ने सोमवार शाम ही रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू कर दिया। वन अफसरों की देखरेख में रेक्स्यू ऑपरेशन से संबंधित सभी संसाधन भी मौके पर जुटा लिए गए।

सोमवार शाम घटनास्थल से कुछ दूरी पर ट्रेप एनिमल भी बांधा गया। पीटीआर के डिप्टी डायरेक्टर मनीष सिंह रात करीब सोमवार करीब दो बजे ट्रंकुलाइज एक्स्पर्ट डॉ. दक्ष गंगवार के साथ मौके पर पहुंचे। बाघिन के ट्रेप एनिमल के करीब आने का इंतजार किया गया। अन्य वन अफसर और टीमें भी आसपास नजर जमाए रहीं, मगर हमलावर बाघिन ट्रेप एनिमल के करीब न जाकर पीछे से निकल चली गई। मंगलवार सुबह 07 बजे तक वन अफसर मौके पर मौजूद रहे, लेकिन पहली रात में वन अफसरों को कोई सफलता नहीं मिल सकी। इधर, मंगलवार को भी पूरे दिन निगरानी टीम मुस्तैद रही। बाघिन की लोकेशन भी आसपास देखी जा रही है। इधर अब शाम को दोबारा ट्रेप एनिमल बांधा जाएगा। वन अफसरों का कहना है कि रात में बाघिन को ट्रेंकुलाइज कर पकड़ने का प्रयास किया जाएगा।

### कहीं यह वही बाघिन तो नहीं....

गांव मेवातपुर निवासी किसान मुकेश कुमार पर हमला करने वाली बाघिन थी। इसकी पुष्टि वन अफसरों ने की है। इधर यह भी कयास लगाए जा रहे हैं कि कहीं यह वहीं बाघिन तो नहीं है, जिसने पिछले माह पूरनपुर तहसील के सेहरामऊ उत्तरी क्षेत्र में दो किसानों को मार डाला था। क्योंकि हमलावर बाघिन को रेस्क्यू करने के बाद ही इसी जंगल में छोड़ा गया था। वन अफसरों ने इसकी पुष्टि नहीं की है। मगर, किसान पर बाघिन द्वारा हमले की बात सामने के आने के बाद इसको लेकर खासी चर्चाएं हैं।

प्रवेश प्रारम्भ
चन्द्रलोक इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेस
रजऊपरसपुर (बरेली) उ.प्र.
चिकित्सा के क्षेत्र में उज्जवल भविष्य बनाने हेतु उत्तम संस्थान
• उ.प्र. स्टेट मेडिकल फैकल्टी लखनऊ एवं उ.प्र. सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त
• सरकारी, अर्द्धसरकारी, सेना एवं विदेश में नौकरी के लिए मान्य
• सरकारी मानकों के अनुसार फीस एवं छात्रवृत्ति
स्थान सीमित शीघ्र प्रवेश लें
GNM (जनरल नर्सिंग एण्ड मिडवाइफरी) 3 Years (इंटरमीडिएट)
आयुष्मान भारत योजना एवं पं. दीनदयाल उपाध्याय योजना में नि:शुल्क इलाज
विशेष सुविधाएं
• मेडिक्लेम, बीमा योजना
• ICU वेन्टीलेटर सुविधा
सिटी ऑफिस
चन्द्रलोक हॉस्पिटल
दूरबीन विधि द्वारा
• पित्त की थैली, पित्त की नली की पथरी (Lap Chole, ERCP), गुर्दे, यूरेटर की पथरी (PCNL, URS)
• प्रोस्टेट (गदूद) (TURP, TURBT)
• रसौली, बांझपन की जाँच
• बबासीर, हर्निया का ऑपरेशन
• मेडिक्लेम • स्त्री एवं प्रसूति रोग
• सभी प्रकार की सर्जरी
• पैथोलॉजी, अल्ट्रासाउण्ड
• ट्रॉमा, हेड इंजरी, फ्रेक्चर आदि।
• ICU, कार्डियक मॉनिटर, वेन्टिलेटर,
• हृदय, सांस, गुर्दा रोग एवं डायबिटीज
पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
सम्पर्क करें-
9458882565
9410002566
8859493000

# ज्येष्ठ माह के अंतिम बड़े मंगल पर भक्ति के साथ दिखा सेवाभाव

## सुबह से ही मंदिरों में जुटने लगे श्रद्धालु, सजाए गए बाबा के दरबार, भंडारे में पूड़ी सब्जी का बांटा प्रसाद, जगह-जगह लगे प्याऊ

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत


शहर के परमठ मंदिर में सुंदरकांड पाठ करते श्रद्धालु। ● अमृत विचार


पंचमुखी बाबा का किया गया श्रृंगार।


गांधी स्टेडियम रोड पर श्री पंचमुखी हनुमान मंदिर पर सुंदरकांड का पाठ करते श्रद्धालु।

**अमृत विचार :** ज्येष्ठ माह के अंतिम बड़े मंगल को आस्था और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला। सुबह से ही मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी और बजरंगबली के जयकारों से माहौल गूंज उठा। भक्तों ने न सिर्फ पूजा-अर्चना की, बल्कि सेवा और परोपकार की भावना से जगह-जगह भंडारे और प्याऊ लगाकर पुण्य भी कमाया। प्याऊ लगाकर मीठा शरबत बांटा गया तो कहीं पूड़ी-सब्जी का भंडारा चला। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया। पूजा अर्चना कर अपने व परिवार वालों के लिए मनौतियां मांगी गई।

मंदिरों में सुबह से भक्तों की आवाजाही शुरू हो गई। शहर के गौरीशंकर मंदिर, चौक बाजार में स्थित हनुमान मंदिर, लाल रोड पर स्थित हनुमान मंदिर, देशनगर मोहल्ला, चावला चौराहा पर समेत अन्य हनुमान मंदिरों में सुबह से ही बाबा का सुमरिन किया जाता रहा। बजरंग बली की पूजा अर्चना कर चोला चढ़ाया। इसके बाद चालीस का पाठ हुआ। इतना ही नहीं कई जगह सुंदरकांड का पाठ भी हुआ। यहां श्रद्धालुओं की दिन भर पूजा करने के लिए भीड़ लगी रही। मंदिर में दिन भर पूजा अर्चना का दौर चलता रहा। वहीं ब्रहचारी घाट पर स्थित मनकामेश्वर मंदिर में भी पूजा अर्चना की गई।

गांधी स्टेडियम रोड पर स्थित श्री पंचमुखी हनुमान मंदिर पर भक्तों की कतार लगी रही। जहां पूजन के बाद सेवकों के द्वारा पूड़ी सब्जी और शरबत का वितरण किया गया। दोपहर बाद से सुंदरकांड का पाठ आयोजित हुआ। जिससे सुनकर श्रद्धालु मंत्रमुग्ध हो गए। काशीराम कॉलोनी ईदगाह स्थित श्री ब्रह्मदेव संकीर्तन दरबार में महंत सेवक विशाल की ओर से श्रद्धालुओं के साथ बाबा को चोला चढ़ाया गया। दरबार से बड़ी संख्या में भक्त पहुंचे और बाबा का गुणगान किया। देर शाम तक भजन संध्या चली। टनकपुर हाईवे स्थित मां संतोषी मंदिर में प्रबंध समिति की ओर से आखिर मंगलवार को भंडारे का आयोजन किया। मंदिर के पुजारी पंडित बोल बम दुबे ने बाबा को भोग लगाकर भंडारा शुरू कराया।

भंडारे में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। दिन भर भंडारे का दौर चलता रहा। इधर, गर्मी से राहत दिलाने के लिए मीठा शरबत और हलवा चना के साथ पूड़ी सब्जी भी बांटे गए। श्रद्धालुओं ने बाबा का प्रसाद ग्रहण किया। देर शाम बाबा को छप्पन भोग लगाकर आरती की गई। इस मौके पर यहां सेवक विशाल के अलावा, मुकेश, रवि रत्नाकर, अनिकेत, अंशु, मनीषा, अर्जुन, राजा, विशन, लव समेत कई श्रद्धालुओं ने सेवा की। इसके अलावा तपती गर्मी में राहगीरों को राहत देने के लिए काला मंदिर, चावला चौराहा पर शरबत बांटा गया। वहीं छतरी चौराहा पर स्थित हनुमान मंदिर, जय टॉकीज के समीप, डिग्री कॉलेज चौराहा, नई बस्ती, गैस चौराहा, खैरुल्लाशाह, लाल रोड, नकटादाना चौराहा, लाला लाजपत राय समेत विभिन्न स्थानों पर भी शरबत और भंडारे का आयोजन किया।

देर शाम तक मंदिरों में भी श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही। लोटन महाराज चौराहे पर खिचड़ी बांटी गई। परमठ मंदिर में सुंदरकांड का पाठ विधिवत किया गया। इस मौके पर महंत ओंकार नाथ, अमरीश शर्मा, अनुराग सक्सेना, सचिन शर्मा, महेंद्र शर्मा, अमित, नरेश शुक्ला आदि मौजूद रहे।


गांधी स्टेडियम रोड स्थित श्री पंचमुखी हनुमान मंदिर पर सुंदरकांड का पाठ करते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

### बिलसंडा में कढ़ी-चावल का भंडारा, बांटा शरबत

**बिलसंडा, अमृत विचार :** ज्येष्ठ माह के अंतिम मंगलवार को पेट्रोलियम व्यापारी विक्रम नरेश जायसवाल,अवध नरेश, आशीष जायसवाल आदि ने बंडा रोड पर अपने प्रतिष्ठान परशरबत और कढ़ी चावल का वितरण किया। बड़ी संख्या में लोगों ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर ब्राहमण महासभा के जिला उपाध्यक्ष रामदास पाठक, पंकज जायसवाल,आलोक जायसवाल,हैप्पी ब्लू वर्ड स्कूल की प्रबंधक प्रिया जायसवाल, प्रधानाचार्य असीम जौहरी, रंजना, एकता आदि का सहयोग रहा। बमरौली में एक पेट्रोल पंप पर प्रबंधक अवनीश जायसवाल, अभिषेक जायसवाल,अमित कुमार, सुमित राठौर,अजय जायसवाल,अंकित जायसवाल,सत्यम,कलश रविंद सिंह आदि ने मीठे शर्बत का प्याऊ लगाकर सेवा की। खदनिया बाबा देव स्थल पर शिक्षिका आयुषी राठौर,साक्षी राठौर,रजनी राठौर,व्यापारी तुषार राठौर ने भंडारा कराया। जोकि देर शाम तक चला। कई अन्य जगह भी भंडारे हुए। जिसमें नगर पंचायत चेयरमैन डीके गुप्ता भी पहुंचे। प्रसाद ग्रहण करने के साथ ही सेवा भी की।

### बरखेड़ा में भी हुए भंडारे

**बरखेड़ा, अमृत विचार :** ज्येष्ठ माह अंतिम बड़े मंगलवार को कस्बे में दौलतपुर मार्ग पर रेलवे क्रॉसिंग के समीप स्थित बालाजी मंदिर पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे की आयोजक के पिता भजनलाल अग्रवाल ने विधि विधान से सर्वप्रथम बालाजी महाराज का भोग लगाकर कन्याओं को भंडारे का प्रसाद ग्रहण कराया। देर शाम तक भंडारा चला। काफी संख्या में नगर व क्षेत्र वासियों ने प्रसाद ग्रहण किया। आयोजक उत्तम अग्रवाल, नगर पंचायत अध्यक्ष श्याम बिहारी भोजवाल, प्रिंस भारद्वाज बजरंगी, मनोज सक्सेना, अभिषेक, पंकज, विमलेशकुमार, मुस्कान आदि सेवाकार्य में जुटे रहे।


बालाजी श्रीब्रहमदेवी संकीर्तन दरबार की ओर से वितरण किया जाता शरबत।

# जहां माता-पिता का सम्मान वहीं है असली स्वर्ग: अम्बरीष


बिलसंडा में हनुमान मढ़ी पर रामकथा का रसपान करते हुए श्रद्धालु। ● अमृत विचार

संवाददाता,बिलसंडा

• रामकथा में अंतिम दिन उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़, भंडारा आज

**अमृत विचारः** हनुमान मढ़ी मंदिर पर आयोजित नौ दिवसीय श्रीराम कथा के अंतिम दिन श्रद्धालुओं की भारी भीड़ जुटी। फर्रुखाबाद से आए कथा व्यास पंडित अम्बरीश तिवारी महाराज ने कथा में लंका दहन, राम-रावण युद्ध, मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के राज्याभिषेक के प्रसंग का वर्णन किया।

कथा व्यास ने कहा कि रामायण हमें जीने का तरीका सिखाती है, हमें आदर्श, सेवा भाव, त्याग व बलिदान के साथ दूसरों की संपत्ति पर हमारा कोई अधिकार नहीं है,यह सीख भी देती है। कथा में भगवान श्री राम के राज्याभिषेक का वर्णन एवं राम दरबार की आकर्षक झांकी प्रस्तुति पर पूरा पंडाल जयकारों से गूंज उठा। भगवान श्रीराम ने सत्य को स्थापित करने के लिए रावण का वध किया। श्री राम कथा के माध्यम से व्यक्ति को अपनी बुरी आदतों को बदलने का प्रयास करना चाहिए।

कथा के दौरान रामायण पूजन व आरती के बाद भक्त जनों के बीच प्रसाद वितरण किया गया। व्यवस्था में यजमान भोलानाथ जायसवाल,रजनीश मिश्रा,राजेश मिश्रा राजू,मनोज वर्मा,सचिन मिश्रा, सुंदर लाल, विनोद शुक्ला, डा.हिमांशु सक्सेना, वैभव सक्सेना,मोंटी गुप्ता,सौरभ गुप्ता,रामाधार मिश्रा, ज्योति मिश्रा आदि का सहयोग रहा।

# बार-बार आई पोस्ट तो कर दिया आपत्तिजनक कमेंट

**पीलीभीत, अमृत विचारः** सदर कोतवाली में राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार के सोशल मीडिया संयोजक अनूप सिंह गंगवार की ओर से 14 मई को आईटी एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। जिसमें बताया था कि 13 मई को राज्यमंत्री के फेसबुक एकाउंट पर की गई पोस्ट में एक हरिशंकर झा नामक व्यक्ति ने आपत्तिजनक कमेंट किया। कोतवाली पुलिस ने साइबर सेल की मदद से जांच शुरू की। इस मामले में आरोपी की गिरफ्तारी को कई जनप्रतिनिधियों ने पहुंचकर एसपी से भी मुलाकात की थी। पुलिस ने आईडी निलकवाई तो वह बिहार की निकली। जिसकी तस्दीक कराने के बाद अब पुलिस को सफलता मिल गई। कोतवाल राजीव कुमार सिंह ने बताया कि आरोपी समस्तीपुर बिहार के थाना खानपुर क्षेत्र के ग्राम खटुआह का रहने वाला हरिशंकर झा पुत्र स्वर्गीय भोला झाा निकला है। उसको हिरासत में ले लिया है और कार्रवाई की जा रही है। आरोपी भट्ठे पर मजदूरी करता है। उसका कहना है कि मोबाइल चलाते वक्त बार-बार राज्यमंत्री की पोस्ट आ रही थी, इसी में वह कमेंट लिख गया था। फिलहाल कार्रवाई चल रही है।

# राज्यमंत्री ने औद्योगिक पार्क का किया निरीक्षण


कार्यकर्ताओं से संवाद करते राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

• मझोला में कार्यकर्ताओं ने किया भव्य स्वागत

**अमृत विचारः** राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार ने भरा पचपेड़ा स्थित औद्योगिक पार्क का निरीक्षण किया। इस दौरान अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए।

राज्यमंत्री ने कार्य कर रही कार्यदायी संस्था के अधिकारियों से मौजूदा स्थिति की जानकारी की। कहा कि पार्क में प्रस्तावित कार्यों को गुणवत्तापूर्ण व समय सीमा के अंदर पूरा किया जाए। इसमें स्थापित होने वाले औद्योगिक संस्थानों को कोई दिक्कत नहीं आनी चाहिए। राज्यमंत्री के आगमन पर तमाम कार्यकर्ता पहुंच गए और उनका फूलमाला पहनाकर स्वागत भी किया गया। निरीक्षण से पूर्व राज्यमंत्री मझोला में कुछ देर रुके। पार्टी कार्यकर्ताओं से संवाद किया। इस मौके पर जिला प्रतिनिधि कपिल अग्रवाल, पूर्व चेयरमैन अजय गोयल, सोनपाल राना, गुलशन स्वर्णकार, चंद्र प्रकाश राठौर, विजय भाटिया, विजेंद्र भाटिया, दिनेश अग्रवाल, राकेश बंसल, अक्षय कुमार सिंह, अनिल कुमार सिंह, राज कुमार अग्रवाल, प्रेम चंद्र गोयल, संजय अग्रवाल, दीपक सिंहल, नितेश अग्रवाल, ओमप्रकाश, मोहन लाल आदि मौजूद रहे।

### वार्ड स्तर पर जल्द बनाएं कमेटियां

**पीलीभीत, अमृत विचार :** कांग्रेस शहर अध्यक्ष श्रीकृष्ण गंगवार की अध्यक्षता में मंगलवार को संगठन सृजन अभियान से संबंधित बैठक हुई। जिसमें शहर कोआर्डिनेटर अजय शुक्ला ने कार्यकर्ताओं को निर्देशित किया। कहा कि सभी वार्ड कमेटियों को जल्द बनाया जाए। वार्ड अध्यक्ष की जिम्मेदारी मिलने के बाद संबंधित पदाधिकारी अपनी कमेटी बनाए। शहर अध्यक्ष ने कहा कि समस्त वार्ड में संपर्क चल रहा है। करीब सात वार्ड में अध्यक्ष गठित कर दिए गए हैं। अन्य पर भी जल्द जिम्मेदारी दी जाएगी। इस मौके पर पुरुषोत्तम कुमार, कमल कुमार, लेखराज राठौर, देवेंद्र राठौर, रमेश राठौर, हरिशंकर कश्यप, पुष्पेंद्र शुक्ला, अमित चौहान, इरफान खां, मुशीर अहमद आदि मौजूद रहे।

MEDICAL Lifelines OF BAREILLY
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 8445507002

ADITYA
आदित्य आई एण्ड लेजर सेन्टर
उपलब्ध सुविधायें
बिना सुई बिना टांका आधुनिक से आधुनिक लैंस प्रत्यारोपण की सुविधा।
अल्ट्रासाउण्ड द्वारा पर्दे की जांच की सुविधा उपलब्ध।
IOL Master 700 द्वारा लैंस का नंबर
लेजर द्वारा आँख की झिल्ली हटाने की सुविधा उपलब्ध।
बी-स्कैन द्वारा पर्दे की जाँच उपलब्ध
OCT द्वारा काला पानी एवं पर्दे की जांच व उपचार
80000 से अधिक आँखों के ऑपरेशन का अनुभव
8077344353
समयः- प्रातः 10 बजे से सायं 7 बजे तक (सोमवार से शनिवार)
आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए फ्री ऑपरेशन की सुविधा
डॉ. आदित्य त्यागी
MBBS, DOMS, DNB, MNAMS
CATARACT, REFRACTIVE & GLAUCOMA SURGEON
ट्यूलिप ग्रांड के सामने, पीलीभीत बाईपास, बरेली

# पांच नई देशी शराब की दुकानों का आवंटन एक करोड़ से अधिक का मिला राजस्व

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

• गांधी सभागार में नामित सदस्यों की देखरेख में संपन्न हुई ई-लॉटरी प्रक्रिया

• बीसलपुर क्षेत्र में 5 शराब की दुकानों के लिए 267 आवेदन प्राप्त हुए थे

**अमृत विचारः** जिलाधिकारी-पुलिस अधीक्षक एवं आबकारी आयुक्त द्वारा नामित सदस्यों की देखरेख में बीसलपुर क्षेत्र में नई पांच देशी शराब की दुकानों का ई-लाटरी के माध्यम से आवंटन किया गया है। इन नवसृजित दुकानों के आवंटन से एक करोड़ से अधिक का राजस्व प्रोसेसिंग फीस के रूप में प्राप्त हुआ है। सभी आवंटियों को तीन दिन के भीतर लाइसेंस एवं जमानत राशि जमा करने के निर्देश दिए गए हैं।

जनपद में बीते 06 मार्च में डीएम की अध्यक्षता में गठित चार सदस्यीय टीम की मौजूदगी में शराब दुकानों का ई-लॉटरी के माध्यम से आवंटन किया गया था। उस दौरान करीब 329 शराब की दुकानों का आवंटन किया गया था। इधर मंगलवार को जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक एवं आबकारी आयुक्त द्वारा नामित सदस्यों एवं जिला आबकारी अधिकारी की देखरेख में गांधी सभागार में बीसलपुर क्षेत्र के लिए नवसृजित पांच देशी शराब की दुकानों के आवंटन की ई-लॉटरी प्रक्रिया संपन्न कराई गई।

जिला आबकारी अधिकारी कल्पनाथ रजक ने बताया कि 05 शराब की दुकानों को लेकर 267 आवेदन प्राप्त हुए थे। ई-लॉटरी के माध्यम से ओडाझार, चपरोसा, महादखास, मीरपुर रतनपुर एवं नवदिया की दुकानों का आवंटन किया गया है। उन्होंने बताया कि इसमें चार देशी शराब की दुकानों की प्रोसेसिंग फीस 40 हजार रुपये एवं एक अन्य शराब की दुकान के लिए 45 हजार रुपये प्रोसेसिंग फीस निर्धारित की गई थी। इन नवसृजित दुकानों के आवंटन से एक करोड़ से अधिक का राजस्व प्रोसेसिंग फीस के रूप में प्राप्त हुआ है। इसके अलावा लगभग एक करोड़ का वार्षिक राजस्व इन आवंटित की गई दुकानों से प्राप्त होगा। जिला आबकारी अधिकारी ने बताया कि इन सभी आवंटियों को लाइसेंस एवं जमानत राशि जमा करने के लिए तीन दिन का समय दिया गया है।

### बैंक का प्रिंटर खराब होने से उपभोक्ता रहे परेशान

**बिलसंडा, अमृत विचार :** बैंक ऑफ बड़ौदा कस्बा शाखा में पासबुक प्रिंट करने के लिए रखा प्रिंटर कई दिनों से खराब है। मगर, इसका सुधार कराने की सुध नहीं ली गई है। खाताधारकों से हर रोज बैंक अधिकारियों की झड़प भी हो रही है। शिक्षक सुनील जायसवाल ने बैंक प्रबंधक पर खाता धारकों से अभद्रता करने और बैंकिंग संबंधी कामकाज को सही ढंग से न करने का आरोप लगाते हुए उच्च अधिकारियों से शिकायत की है। जिसमें मामले की जांच कराकर समाधान कराने का आग्रह किया है।

### ओवरब्रिज के नीचे पड़ा मिला युवक का शव

**पीलीभीत, अमृत विचार :** सुनगढ़ी थाना क्षेत्र में नौगवां ओवरब्रिज के नीचे मंगलवार सुबह 36 वर्षीय युवक का शव मिला। इसकी सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और जानकारी की। मृतक की शिनाख्त के प्रयास किए गए लेकिन सफलता नहीं मिली। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को भेज दिया है।

# अंतिम बड़े मंगल पर जनपद में रही धूम, भंडारों का आयोजन

## चिलचिलाती धूप में बजरंगबली के भक्तों ने राहगीरों को पिलाया शरबत, मंदिरों में सुबह से होने लगे धार्मिक आयोजन

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचारः** शहर से लेकर ग्रामीण अंचल में ज्येष्ठ माह के अंतिम बड़े मंगल की धूम रही। हनुमान मंदिरों में सुंदरकांड, हनुमान चालीसा आदि के पाठ से लेकर अन्य धार्मिक आयोजन हुए। श्रद्धालुओं ने विधि विधान से केसरी नंदन का पूजन किया। इसके बाद भंडारे से लेकर शरबत वितरण का कार्यक्रम हुआ, जो दोपहर बाद तक चलता रहा। भक्तों ने लाखों राहगीरों को प्रसाद वितरित कर पुण्य कमाया।

ज्येष्ठ माह के पांचवे और अंतिम बड़े मंगल पर नगर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों के हनुमान मंदिरों में भोर से ही श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। भक्तों ने मंदिरों में सुंदरकांड, हनुमान कवच आदि का पाठ कर विधि विधान से पूजन अर्चन किया। इसके बाद जगह-जगह भंडारे का आयोजन कर लाखों संख्या में राहगीरों ने प्रसाद ग्रहण कर बजरंगबली का आशीर्वाद प्राप्त किया। डीआईओएस कार्यालय पर रुद्रावतार बाल हनुमान की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा के बाद अंतिम बड़े मंगल पर भंडारा हुआ।

डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने डीआईओएस कार्यालय पहुंचकर विधि विधान से रुद्रावतार बाल हनुमान का पूजन कर आशीर्वाद लेकर भंडारे का शुभारंभ किया। इसके बाद डीआईओएस ने राहगीरों को पूड़ी, सब्जी प्रसाद वितरित किया। वहीं शहर में आयोजित भंडारों में राहगीरों को छोला, चावल कढ़ी चावल से लेकर शरबत पिलाया गया। डीआईओएस कार्यालय पर रुद्रावतार बाल हनुमान मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के वहीं विकास भवन के सामने हनुमान भक्तों ने भजन कार्यक्रम का आयोजन कर बजरंगी बली की महिमा का गुणगान किया।

**मैगलगंज।** बरगवां रोड पर स्थित वर्मा हॉस्पिटल के एमडी डॉ. पंकज वर्मा और हिमांशु वर्मा ने पूड़ी सब्जी से लेकर बूंदी प्रसाद का वितरण किया। उधर, सर्राफा व्यापारी कुंवरजी रस्तोगी ने छोला चावल प्रसाद, खखरा मोड़ पर सोनू गुप्ता ने अपने प्रतिष्ठान पर पूड़ी सब्जी प्रसाद वितरित किया।

**रजागंज।** कस्बा क्षेत्र के खम्हौल स्थित तिरूपति फीलिंग स्टेशन स्थित हनुमान मंदिर पर भंडारा हुआ। भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष शरद वाजपेयी ने पत्नी रश्मि वाजपेयी एवं पुत्र डॉ. शिखर वाजपेयी, पुत्रवधू डॉ. कृतिका वाजपेयी एवं मनोज कुमार, नरेंद्र पाठक, चिंटू पांडे दिनेश आदि के साथ विधि विधान से बजरंग बली का पूजन कर कढ़ी चावल का प्रसाद बांटा।

**खीरी टाउन।** कस्बे के विभिन्न मंदिरो के बाहर स्टॉल लगाकर लोगों को कहीं पूड़ी सब्जी कहीं हलवा और कढ़ी चावल के प्रसाद का वितरण किया गया। बड़ी संख्या में भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। भंडारे में हिंदू मुस्लिम एकता की झलक दिखाई दी। कस्बे के समाजसेवी डॉक्टर सलीम खान ने सभी भंडारों में पहुंचकर भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया।


मंदिर में स्थापित माता अंजना की गोद में बाल हनुमान की मूर्ति।


भंडारे में राहगीरों को प्रसाद वितरित करते डीआईओएस डॉ. महेंद्र प्रताप सिंह।


भंडारे में भक्तों को प्रसाद वितरित करते पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष शरद वाजपेयी व अन्य।

### भंडारे का आयोजन कर भक्तों को दिया प्रसाद



**मितौली, अमृत विचार :** थाने के सामने साईं चिकित्सालय पर कोतवाली प्रभारी शिवाजी दुबे ने बालाजी महाराज का पूजन कर भोग लगाया और फिर आरती उतारकर भंडारे का आरंभ किया। इस दौरान डॉ. प्रशांत शुक्ल एवं प्रदीप शुक्ल ने राहगीरों में प्रसाद वितरत किया। बस अड्डे के पास निकेत गुप्ता लखन आदि ने भंडारा किया। बाबू रामेश्वर दयाल महाविद्यालय फतेपुर में भाजपा प्रदेश प्रवक्ता एवं पूर्व राज्यसभा सांसद जुगल किशोर ने भंडारा कराया। पंचमुखी हनुमान मंदिर पर ओम भोले शिव शक्ति कांवरिया सेवा समिति व अंशु शुक्ला ने भंडारा कराया। पूर्व ग्राम प्रधान मास्टर दिनेश कुमार ने सपरिवार पूजन आरती कर हनुमान को भोग लगाकर भंडारे आरंभ किया। खमरिया प्रधान प्रतिनिधि अनूप राठौर ने अपने आवास पर, सोनी ऑटोमोबाइल्स एजेंसी पर मुन्नालाल सोनी एवं हरिओम गारमेंट्स पर शिवकुमार कटियार और कस्बा मितौली के नहरिया पर विवेक कुमार गौतम ने भंडारा किया। बड़ी संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया।

### धूमधाम से निकली बजरंगबली की शोभा यात्रा

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार :** श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर परमार्थ सेवा समिति की ओर से आयोजित भव्य शोभा यात्रा नगर के प्रमुख मार्गों पर निकाली गई। शोभायात्रा का कई जगह फूल बरसा कर स्वागत किया गया। विधायक और पालिका अध्यक्ष ने अशोक चौराहे से शोभा यात्रा शुरू कराई। देवी देवताओं की झांकियां आकर्षण का केंद्र रहीं। शोभायात्रा का आरंभ नगर के अशोक चौराहे से विधायक अमन गिरि, नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने किया। नगर पालिका के गेट पर पालिका अध्यक्ष समेत तमाम लोगों ने फूल बरसा कर शोभायात्रा का स्वागत किया। शोभा यात्रा अलीगंज रोड से सिनेमा रोड होते हुए लखीमपुर रोड से अशोक चौराहा, मोहम्मदी रोड, विकास चौराहा होते हुए खुटार रोड और पुनः सब्जी मंडी में श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर पर संपन्न हुई। मंदिर समिति बुधवार को सुंदरकांड का संगीतमयी पाठ और विशाल बजरंगी भंडारे का आयोजन करेगी। इस दौरान श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर परमार्थ सेवा समिति के अध्यक्ष अशोक कुमार गुप्ता, शिवगोपाल गुप्ता, ओमप्रकाश जायसवाल, अरविंद गुप्ता रामजी, श्याम गोपाल गुप्ता, प्रेमचंद जायसवाल, राजेश कुमार गुप्ता, अवधेश मिश्रा, सुरजन लाल वर्मा, नानकचंद वर्मा आदि रहे।

### बड़े मंगल पर पूड़ी-सब्जी, कढ़ी-चावल तो कहीं बटी खीर

**बिझौली, अमृत विचार :** पांचवें मंगलवार को ग्रामीण क्षेत्र में कई जगह भंडारे हुए। इसके साथ ही शरबत वितरण भी किया गया। श्रद्धालुओं के साथ ही राहगीरों ने भी भंडारा का प्रसाद ग्रहण किया और शरबत पीकर अपनी प्यास बुझाई। वहीं सुबह से ही घरों व मंदिरों में हनुमान चालीसा, सुंदरकांड पाठ के आयोजन हुए। बिझौली निवासी चन्दन सिंह ने भगवती मंदिर पर शरबत और चना का प्रसाद बांटा। व्यवस्था में विपिन सिंह, अजय सिंह, सीमा सिंह, डाली, रागिनी, तन्नू, अंजली सिंह, अनुप्रिया आदि मौजूद रहे।

### हलुवा-पूड़ी व सब्जी चावल का बंटा प्रसाद

**पलियाकलां, अमृत विचार :** कस्बे के आध्यात्मिक श्रीकुल आश्रम सहित कई जगह पर भंडारे का आयोजन कर राहगीरों का प्रसाद वितरित किया गया। संस्थापक आचार्य गोविंद माधव मिश्र से लेकर अन्य सेवादारों ने राहगीरों को भीषण गर्मी में शरबत पिलाकर पूड़ी सब्जी एवं हलवा प्रसाद वितरित किया। नगर के अग्रसेन चौराहा, पुराना अस्पताल मोड़ तिराहा, नगर पालिका कैंपस, माल गोदाम रोड, संपूर्णानगर रोड पर कई जगह हलवा, पूड़ी, सब्जी खिलाई गई, तो कई जगह शरबत वितरण हुआ। सुंदरकांड समाज सेवा मंडल से जुड़े श्रद्धालुओं ने मंगलवार प्रातः प्राचीन हनुमान मठिया से लेकर राम मंदिर, खाटू श्याम मंदिर होते हुए पंचमुखी हनुमान मंदिर तक निशान यात्रा निकाली। यात्रा में शामिल लोगों को रास्ते में समाजसेवी आलोक मिश्रा ने जलपान कराया।

### जेठ के पांचवें मंगलवार को भक्तिरस में डूबे क्षेत्रवासी



**केशवापुर, अमृत विचार :** कस्बे के निकट बालाजी मंदिर के सामने कढ़ी, चावल व छोले, चावल का भंडारा भाजपा के वरिष्ठ नेता पूर्व जिलाध्यक्ष शरद वाजपेयी, रश्मि वाजपेयी ने कराया, जिसमें मैनेजर विकास कुमार, दिनेश कुमार, श्याय प्रकाश, मंदिर के पुजारी रामकिशोर वर्मा, धीरज बाजपेयी सहित तमाम लोगों ने भंडारे का प्रसाद वितरण किया। डेयरी के निकट बालाजी मंदिर पर हुए भंडारे में दूर दूर से ट्रैक्टर ट्राली से आकर बालाजी के भक्तों, राहगीरों को श्रद्धापूर्वक हजारों की संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया।

### पुलिस विभाग ने भंडारा कर खिलाया प्रसाद



**मझगई, अमृत विचार :** थाना परिसर के बाहर प्रभारी निरीक्षक राजू राव ने पंडाल लगाकर भंडारे का आयोजन किया। बेला बस स्टॉप के पास जगह-जगह पंडाल लगाकर राहगीरों को मीठा हलुवा के साथ ठंडा शरबत पिलाया गया। भीषण गर्मी में ठंडा शरबत पीकर लोगों ने राहत की सांस ली।

## कलयुग में सिद्ध हो देव तुम्ही, हनुमान तुम्हारा क्या कहना

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

- जेठ के अंतिम बड़े मंगल पर सुंदरकांड पाठ व भंडारों की धूम

**अमृत विचारः** कलयुग में सिद्ध हो देव तुम्ही, हनुमान तुम्हारा क्या कहना, संकट हरने वाले को हनुमान कहते हैं आदि भजनों के साथ अंतिम बड़े मंगलवार को पूरा नगर बजरंगबली की पूजा, अर्चना में डूबा रहा। हनुमान जी की कृपा पाने के लिए नगर में कई स्थानों पर सुंदर कांड पाठ कर भंडारे हुए।

नगर के सब्जी मंडी स्थित श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर, लखीमपुर रोड पर श्री हनुमान मंदिर, कंजा बाबा देवस्थान पर, नीलकंठ मैदान स्थित श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर, त्रिलोक गिरि मंदिर, लक्ष्मणजती मंदिर, पौराणिक शिव मंदिर, खुटार रोड स्थित श्रीराम जानकी मंदिर, पंजाबी कॉलोनी रोड स्थित ऋषि आश्रम में पंचमुखी हनुमान मंदिर पर सुबह से ही बजरंगबली की पूजा, अर्चना के लिए श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा।

श्रद्धालुओं ने हनुमान चालीसा, बजरंगबाण पाठ एवं सुंदरकांड पाठ के बाद कन्या भोज कराकर भंडारे का आयोजन किया। कई स्थानों पर देर शाम तक हुए भंडारे में श्रद्धालुओं, राहगीरों ने पूड़ी, सब्जी, हलवा, कढ़ी चावल, चने आदि का प्रसाद ग्रहण किया। नगर के सीएचसी पर स्टाफ के सहयोग से सुंदरकांड पाठ के बाद कराए गए भंडारे में श्रद्धालुओं, राहगीरों, मरीज और तीमारदारों ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। डॉ. अजय वर्मा, डॉ. देवराज वर्मा, डॉ. अशोक बिहारी, डॉ. यामिनी बादल, डॉ. आकांक्षा वर्मा आदि स्टाफ मौजूद रहा। बजाज चीनी मिल परिसर स्थित भारतीय स्टेट बैंक में स्टाफ के सहयोग से भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें मिल कर्मचारी, बैंक स्टाफ, गन्ना समिति स्टाफ सहित किसानो , राहगीरों, नगर वासियों ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। विधायक अमन गिरि ने शिव मंदिर पर सुंदरकांड का पाठ और भंडारे का आयोजन किया। पूजन, आरती कर विधायक अमन गिरि, युवा भाजपा नेता धर्मेंद्र गिरि मोंटी ने कन्याओं को भोज कराकर श्रद्धालुओं, शिव भक्तों, नगर निवासियों को भंडारे का प्रसाद वितरित किया।

गोशाला में नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने गायों को नहलाकर, उनका पूजन, वंदन करते हुए उन्हें विभिन्न प्रकार के फल, सब्जियां, गुड़, चना आदि खिलाकर गो माता का आशीर्वाद लिया।


गोला में भंडारा शुरू कराने के लिए बजरंगबली की पूजा करते विधायक और पालिकाध्यक्ष।

## चोरी व लूट की योजना बनाते तीन गिरफ्तार

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचारः** थाना फूलबेहड़ पुलिस ने सोमवार की रात टॉप टेन सूची में शामिल अपराधी समेत तीन बदमाशों को चोरी व लूट की योजना बनाते गिरफ्तार किया है। एसआई पीपी सिंह ने बताया कि पुलिस ने सद्दाम उर्फ शब्बन निवासी राजापुर, शान मोहम्मद व चांद मोहम्मद उर्फ गुड्डू निवासी गांव पिपरा गूम से गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से 3 तमंचा, 3 कारतूस, एक प्लास, पेचकस, सुम्मी, टार्च आदि बरामद किया है। बताया कि गिरफ्तार सद्दाम उर्फ शब्बन थाना फूलबेहड़ का हिस्ट्रीशीटर बदमाश है। साथ ही टॉप टेन अपराधी है। उसके खिलाफ लखीमपुर खीरी जिले के साथ ही अन्य जनपदों में डकैती, लूट, चोरी, गैंगस्टर समेत 26 मामले दर्ज हैं। आरोपी शान मोहम्मद थाना सिंगाही का हिस्ट्रीशीटर है। उसके खिलाफ डकैती, लूट, गैंगस्टर समेत आठ आपराधिक और चांद मोहम्मद उर्फ गुड्डू के खिलाफ डकैती, चोरी, गैंगस्टर समेत तीन आपराधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपियों का चालान भेजा है।

## अतिक्रमण हटाते ही तीर्थ गली में दिखा नाले का स्वरूप


गोला की तीर्थ गली में अतिक्रमण हटने से दिखा चौड़ा नाला। ● अमृत विचार

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

**अमृत विचारः** छोटी काशी शिव मंदिर कॉरिडोर सौंदर्यीकरण में गोकर्ण तीर्थ के पूराब ढहाई गई जिला पंचायत की दुकानों से डामर रोड तक मून लाइट स्टूडियो के पास तक किए जा रहे नाला निर्माण में कई दुकानों के चबूतरे, सीढ़ियां तोड़ने के बाद नाले का मूल स्वरूप दिखाई दिया, जिससे संकुचित सड़क भी चौड़ी दिखाई देने लगी है।

छोटी काशी का पौराणिक शिव मंदिर जन आस्था का प्रतीक है। सावन में यहां लाखों की संख्या में श्रद्धालु जलाभिषेक कर भगवान भोलेनाथ का पूजन, अर्चन करते हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के ड्रीम प्रोजेक्ट में शामिल छोटी काशी का शिव मंदिर कॉरिडोर के सौंदर्यीकरण का कार्य तेजी से कराया जा रहा है। गोकर्ण तीर्थ के पूरब सौंदर्यीकरण की जद में आने पर ढहाई गई जिला पंचायत की दुकानों से मूनलाइट स्टूडियो तक लगभग 150 मीटर तक बनने वाले सीमेंटेड नाले का निर्माण शुरू कराया गया है। जिसके चलते एक दर्जन से अधिक दुकानों के बाहर बने चबूतरों, सीढ़ियों को तुड़वाकर नाला निर्माण कराया जा रहा है। दुकानों के बाहर से हटाए गए अतिक्रमण के बाद नाला अपने मूल स्वरूप में दिखने लगा है, जिससे पीपल वाली सड़क भी चौड़ी दिखाई देने लगी है।

वर्षों से नाले के ऊपर अतिक्रमण के चलते न तो नाला दिखाई पड़ता था और न ही उसकी सही से साफ सफाई हो पाती थी, जिसके चलते जरा सी बरसात होने पर तीर्थ की गलियों में जल भराव की समस्या हो जाती थी। साथ ही संकीर्ण गली के कारण लोगों को आवागमन में दिक्कतें होती थीं।

यूपीपीसीएल की कार्यदायी संस्था रीना कंस्ट्रक्शन के अवर अभियंता विवेक वाजपेयी ने बताया की सावन को एक महीना ही शेष हैं, जिसके चलते प्राथमिकता से गोकर्ण तीर्थ परिसर के आसपास नाला, नाली का निर्माण कराया जा रहा है, ताकि सावन में आने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की समस्या न हो।

### गोकर्ण तीर्थ की सीढ़ियों पर चारों ओर बन रहे प्लांटर



छोटी काशी के शिव मंदिर कॉरिडोर के सौंदर्यीकरण के कार्यों में गोकर्ण तीर्थ की सीढ़ियों पर चारों ओर प्लांटर बनवाए जा रहे हैं, जिसमें पेड़ पौधे लगाकर आकर्षक रूप दिया जाएगा। पौराणिक शिव मंदिर, तीर्थ परिसर की सुंदरता में चार चांद लगाने, आने वाले पर्यटक, श्रद्धालु परिसर में घूम कर सुंदरता का नजारा ले सके उसके लिए गोकर्ण तीर्थ की सीढ़ियों के चारों ओर 12 प्लांटर बनवाए जाएंगे, जिसमें तमाम प्रकार के छायादार, आकर्षक दिखाई देने वाले पौधे लगाए जाएंगे। साथ ही परिसर की भव्यता बढ़ाने को गोकर्ण तीर्थ सीढ़ियों में डेकोरेटिव लाइट्स भी लगवाई जाएगी, जिससे रात का नजारा देखने योग्य होगा।

## सड़क दुर्घटना में चार घायल, तीन रेफर

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचारः** कोतवाली क्षेत्र में अलग-अलग हुई सड़क दुर्घटना में चार लोग घायल हो गए, जिन्हें सीएचसी लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत में सुधार न होने पर तीन को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। थाना मैलानी क्षेत्र के गांव पर्वस्तनगर निवासी राफेद गाजी (37) पुत्र शिब्बू, उनकी पत्नी तबस्सुम जहां (32), दूलीपुर गांव निवासी सूरज प्रसाद (70) पुत्र मैकूलाल और पीलीभीत जिला के पूरनपुर निवासी विस्कीना (40) पत्नी जमील अहमद सड़क दुर्घटना में घायल हो गई, जिन्हें एंबुलेंस से सीएचसी लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद राफेद गाजी, तबस्सुम जहां और विस्कीना की हालत में सुधार न होने पर डॉक्टरो में उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

## हत्या के आरोप में ससुराल वाले गये थे जेल

संवाददाता, कुकरा/बिलहरी

- वह 15 साल बाद दूसरी पत्नी व चार बच्चों के साथ लौटा घर

**अमृत विचारः** मैलानी थाना के कुकरा का युवक 15 वर्ष पूर्व लापता हो गया था। परिवार वालों ने दर्ज कराई रिपोर्ट के तहत ससुरालिया हत्या के आरोप में जेल गये थे। 15 साल बाद जब वह दूसरी पत्नी और चार बच्चों के साथ घर लौटा तो परिवार वाले अचंभित हैं। चौकी पुलिस को सूचना दी है।

कस्बा कुकरा निवासी रियाजत हुसैन के बेटे असालत हुसैन की शादी 15 साल पूर्व थाना नीमगांव के कस्बा सिकंद्राबाद निवासी कल्लन बेग की पुत्री सूफिया के साथ हुई थी। शादी के एक साल बाद असालत हुसैन ससुराल कस्बा सिकंद्राबाद गया था, जहां से वह लापता हो गया था। कई दिन असालत की घर वापसी न होने पर माता-पिता ने कस्बा सिकंद्राबाद जाकर समधी कल्लन बेग से पुत्र असालत की जानकारी ली, तो उन्होंने बताया कि खाना खाने के बाद बगैर बताये दामाद कहीं चला गया। असालत के माता-पिता को शक हुआ कि उनके पुत्र की हत्या कर लाश को गायब कर दिया।

रियाजत हुसैन ने नीमगांव थाना में तहरीर देकर असालत हुसैन की हत्या कर लाश को गायब करने का आरोप समधी कल्लन बेग, अच्छन बेग, लल्लन बेग निवासी सिकंद्राबाद पर लगाया था। घटना में पिता और दो पुत्र जेल गये थे। रियाजत हुसैन की पत्नी की तहरीर पर कोर्ट के आदेश पर असालत के ससुराल वाले कोर्ट में पेश हुए, जिसमे कल्लन बेग को जेल भेजा था, जिसके बाद एक माह तक कल्लन बेग जेल में रहे थे। बताया जाता है कि मामला हाईकोर्ट पहुंचा, जिससे असालत के ससुरालियों को मानसिक पीड़ा, शारीरिक प्रताड़ना, आर्थिक दंडों से गुजरना पड़ा था। सच का आईना उस समय साफ हुआ जब दामाद 15 साल बाद दूसरी पत्नी और चार बच्चों के साथ घर लौटा है।

### असालत से पूछताछ कर रही मैलानी और नीमगांव पुलिस

असालत की 15 साल बाद घर वापसी की खबर जब पुलिस को लगी तो उनके पैरों के नीचे की जमीन खिसक गई। इतनी अवधि में असालत कहां रहा और घर पर संपर्क क्यों नहीं किया। इन सारे बिंदुओं पर पुलिस तफ्शीश कर रही है। पुलिस ने मीडिया से भी असालत को मिलने नहीं दिया।

सरदार वल्लभ भाई पटेल डिग्री कॉलेज
भोजीपुरा, बरेली
निःशुल्क प्रवेश सत्र 2025-26
स्नातक प्रथम वर्ष
B.A. B.Sc. B.Com. B.Sc. Home Science B.B.A. B.C.A.
अन्य संचालित कोर्स
M.A. M.Sc. M.Sc. Home Science M.A. Home Science M.A. Drawing & Painting
D. Pharma COLLEGE CODE : 2143/3059 B.El.Ed. D.El.Ed.(BTC) B.Ed.
Contact No.
9412287776, 9412288876
9412288878, 9457507777
चेयरमैन -
डा. हरीशंकर गंगवार
9412287777



Admission Open
Session 2025-26
BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY, BAREILLY
BIU COLLEGE OF PHARMACY
Affiliated by :- Pharmacy Council of India (PCI), New Delhi
• D. Pharma (2 Years) • M. Pharma (Pharmaceutics) (2 Years)
• B. Pharma (4 Years) • M. Pharma (Pharmacology) (2 Years)
• M. Pharma (Pharmaceutical Chemistry) (2 Years)
• M. Pharma ( Pharmacognosy) (2 Years)
ROHILKHAND COLLEGE OF PHARMACY
Affiliated by :- Pharmacy Council of India (PCI), New Delhi
• D. Pharma (2 Years) • B. Pharma (4 Years)
Rohilkhand Medical College & Hospital Campus, Pilibhit Bypass Road, Bareilly (Uttar Pradesh)
KESHLATA COLLEGE OF PHARMACY
Affiliated by :- Pharmacy Council of India (PCI), New Delhi
• D. Pharma (2 Years)
Mob : 9457672942
Keshlata Hospital Campus, Delapeer Road, Bareilly (Uttar Pradesh)
BIU College of Management
• M.H.A. (2 Years) • M.P.H. (2 Years)
Contact Details
For Registration online : www.biu.edu.in
Offline : Admission Cell Administrative Block BIU +91-9105500202, 9105500404
biucollegeofpharmacy@gmail.com, rohilkhandcollegeofpharmacy@gmail.com
biucollegeofmanagement@gmail.com, keshlatacollegeofpharmacy@gmail.com
Address
Bareilly International University, Rohilkhand Medical College & Hospital Campus
Pilibhit By pass Road, Bareilly-243006 (U.P.)

# श्रद्धालुओं से भरी बस पलटी, महिला की मौत, कई घायल

## चालक को झपकी आने से अनियंत्रित हो गई बस, मनौना धाम से वापस धौरहरा जा रही थी निजी बस

संवाददाता, मोहम्मदी

**अमृत विचारः** मनौना धाम से श्रद्धालुओं को दर्शन कराकर मंगलवार तड़के वापस धौरहरा आ रही एक निजी बस के चालक को झपकी आ गई। इससे अनियंत्रित होकर बस कोतवाली मोहम्मदी क्षेत्र में गोकन बरैंचा के पास खाई में पलट गई। हादसे में बस में सवार एक महिला श्रद्धालु की मौत हो गई, जबकि 30 से अधिक श्रद्धालु घायल हो गए। सात घायलों की हालत गंभीर है, जिन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

कोतवाली धौरहरा क्षेत्र से एक निजी बस श्रद्धालुओं को लेकर मनौना धाम गई थी।

मंगलवार तड़के वह सभी श्रद्धालुओं को दर्शन कराकर वापस आ रहा था। बताते हैं कि तड़के करीब तीन बजे चालक को अचानक झपकी आ गई। इससे तेज रफ्तार बस कोतवाली मोहम्मदी क्षेत्र के गांव गोकन बरैंचा के निकट गोशाला के पास अनियंत्रित होकर खाई में जाकर पलट गई। हादसे के बाद यात्रियों में चीख पुकार मच गई। चीख पुकार सुनकर आसपास के तमाम ग्रामीण मौके पर पहुंच गए और राहत-बचाव कार्य शुरू करते हुए पुलिस को सूचना दी। सीओ अरुण कुमार सिंह पुलिस बल और एंबुलेंस के साथ मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने सभी घायलों को सीएचसी मोहम्मदी भेजा, जहां पर डॉक्टर ने धौरहरा निवासी कंचन लता तिवारी (30) पत्नी अशोक तिवारी को मृत घोषित कर दिया। कुछ घायलों को शाहजहांपुर जिला अस्पताल भी भेजा गया, जबकि सीएचसी मोहम्मदी से डॉक्टर ने हालत गंभीर होने पर देशराज पुत्र चुन्ना, रामरतन पुत्र चन्द्रभाल, पिंटू पुत्र राम रतन, संगीता पत्नी रामरतन, दुलरी देवी पत्नी अवधराम, कलावती पत्नी सुनारे और सुखराम पुत्र रमासारे को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। हादसे के बाद लहरपुर (सीतापुर) निवासी बस चालक पिंकू मौके से भाग गया। बताया जा रहा है कि बस में करीब 60 यात्री सवार थे।


बस में फंसे श्रद्धालुओं को बाहर निकालती पुलिस। ● अमृत विचार

### हादसे के समय नींद में थे कई श्रद्धालु

बस में सवार श्रद्धालुओं ने बताया कि भोर का समय था। सड़क पर भी सन्नाटा छाया हुआ था। ऐसे में चालक काफी तेज रफ्तार से बस चला रहा था। जिस वक्त हादसा हुआ उस दौरान लगभग सभी यात्री अपनी सीटों पर बैठे सो रहे थे। अचानक जब बस पलटी तो वह एक-दूसरे के ऊपर जा गिरे। इससे बस में अफरा-तफरी मच गई। लोग एक-दूसरे को कुचलते हुए जान बचाकर भागने लगे। हादसे का दृश्य बताते समय श्रद्धालु कांप उठते थे।


सीएचसी मोहम्मदी में घायलों की भीड़। ● अमृत विचार

हादसे की वजह चालक को झपकी आना बताया जा रहा है। एक महिला श्रद्धालु की मौत हुई है, जबकि सात लोग गंभीर रूप से घायल हैं। जिला अस्पताल खीरी के साथ ही कुछ घायलों को शाहजहांपुर जिला अस्पताल भी भेजा गया है। **-अरुण कुमार सिंह**, सीओ मोहम्मदी।

हादसे की सूचना मिलने पर मोहम्मदी, पसगवां सीएचसी सहित आठ एंबुलेंस मौके पर भेजी गई थीं। सभी को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। **-कैलाश बिष्ट, प्रोग्राम मैनेजर एंबुलेंस सेवा।**

# जम्हौरा टीम को हराकर तिकुनिया ने जीता मैच

**सिंगाही, अमृत विचारः** कस्बे के नौरंगाबाद स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय अमृत स्टेडियम में मंगलवार को क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मैच खेला गया। इसमें तिकोनिया की टीम छह रन से विजेता रही।

टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला तिकुनिया और जम्हौरा टीम के बीच खेला गया। तिकुनिया ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया है। टीम के खिलाड़ियों ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 146 रन बनाए। निर्धारित लक्ष्य का पीछा करनी उतरे जम्हौरा टीम के खिलाड़ी मात्र 140 रन ही बना सके। इस तरह तिकुनिया टीम छह रन से विजेता बनी। मुख्य अतिथि निघासन विधायक शशांक वर्मा एवं विशिष्ट अतिथि राष्ट्रीय सहकारी शक्कर कारखाना संघ नई दिल्ली के प्रबंध समिति सदस्य श्यामजी पाण्डेय ने विजेता एवं उपविजेता टीम के खिलाड़ियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। पौरुष गुप्ता, नेकू अवस्थी, प्रेमपति दिवाकर, हैदर अली, सोनू तिवारी, सुशील गुप्ता सहित कई खेल प्रेमी मौजूद रहे।

# बेटी-दामाद व समधी के खिलाफ पुलिस को दी तहरीर

संवाददाता, बांकेगंज

- पिता का आरोप ससुराल के दबाव में बेटी कहती है खेत बेच दो

**अमृत विचारः** पुलिस चौकी में एक व्यक्ति ने अपनी बेटी और दामाद से जान को खतरा बताते हुए तहरीर दी है। आरोप है कि दोनों उसकी सम्पत्ति के पीछे पड़े हैं। फोन पर बातचीत के दौरान उसके समधी ने जान से मारने की धमकी दी है।

मैलानी थाना क्षेत्र के मैकूपुर गांव निवासी सोबरन लाल ने अपनी बेटी प्रीती देवी का विवाह लखीमपुर के गांव कमलापुर में रमेशचन्द्र के पुत्र पवन से किया था। शादी के कुछ दिन बाद उसके समधी का फोन आया और कहा कि आपकी अकेली बेटी है। अब आपके आगे पीछे कोई नहीं है। इसलिए आप हमारे यहां आकर रहें। इस पर उन्होंने मना कर दिया।

कुछ दिन बाद बेटी भी कहने लगी कि पापा गांव की खेती बेचकर हमारे यहां आकर रहिए। उन्होंने उसे भी मना कर दिया। उसके बाद बेटी ने खाते में ढाई लाख रुपये भेजने की बात कही। सोबरन लाल ने बताया कि बेटी दामाद के बहकावे में है और उस पर वह दबाव बना रहा है। अकेली बेटी के सिवाय कोई औलाद नहीं है।

बेटी को दामाद पवन बहकाकर दिल्ली लेकर चला गया है। जब शादी होने को थी तब उसने बताया था कि वह ड्राइवर था और किसी कम्पनी की गाड़ी चलाता है। अब उसे बात भी करने नहीं देता। समधी ने कहा कि जायदाद बेटी के नाम कर दो अन्यथा तुमको मार देंगे और तुम्हारी बेटी को परेशान करते रहेंगे।

सोबरन लाल का कहना है कि बेटी अपने ससुर और पति के कहने पर उनसे लड़ती है। सात महीने से बेटी मायके नहीं आई है। यदि बेटी और मुझे कुछ हुआ तो इसके जिम्मेदार बेटी के ससुराल वाले ही होंगे, जो मेरी जायदाद हड़पना चाहते हैं।

# राष्ट्रीय शिक्षा नीति का उद्देश्य विद्यार्थियों का समग्र विकास


कार्यक्रम को संबोधित करते मुख्य अतिथि डॉ. अभिषेक सिंह। ● अमृत विचार

संवाददाता, पलियाकलां

**अमृत विचार :** जिला पंचायत बालिका इंटर कॉलेज में आयोजित 20 दिवसीय समर कैंप का मंगलवार को समापन हुआ। भारत सरकार के गृह मंत्रालय के राजभाषा विभाग सदस्य मुख्य अतिथि डॉ. अभिषेक प्रताप सिंह ने कहा कि नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों का समग्र विकास है।

उन्होंने कहा कि शिक्षा नीति के तहत समर कैंप के जरिए विद्यार्थियों में सकारात्मक व रचनात्मक सोच विकसित की जाती है, जिससे विद्यार्थी स्वावलंबी व आत्मनिर्भर बन सकें। साथ ही विद्यार्थियों को समाज व देश के प्रति निष्ठावान बनाने के लिए प्रेरित करता है। प्रधानाचार्य कृष्ण अवतार भाटी ने कहा कि शिक्षा ग्रहण कर विद्यार्थी केवल मशीनी मानव न बने। वे संवेदनशील होकर राष्ट्रीय मूल्यों से पल्लवित होकर मानवता के लिए कार्य करें। शिक्षा व संस्कार ही जिम्मेदार नागरिक बना सकते हैं। कार्यक्रम का आरम्भ ईश वंदना से हुआ। मुख्य अतिथि ने प्रशिक्षकों व प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त छात्राओं सहित सभी प्रतिभागियों को स्मृति चिह्न व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस दौरान राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पलिया के सह नगर संघचालक सलिल अग्रवाल, अतुल सिंह, सुमन गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# दिव्यांग यूनियन की बैठक में समस्याओं पर की गई चर्चा

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचारः** भारतीय दिव्यांग यूनियन की मासिक बैठक ब्लॉक बांकेगंज परिसर में ब्लॉक अध्यक्ष सर्वेश कुमार अर्कवंशी की अध्यक्षता में हुई, जिसमें दिव्यांगजनों की समस्याओं पर चर्चा कर निदान कराने की मांग की गई।

ब्लॉक अध्यक्ष सर्वेश कुमार अर्कवंशी ने कहा कि दिव्यांग जनों के जीवन में इतनी समस्याएं आ रही हैं, जिन पर कोई भी जनप्रतिनिधि या अधिकारी सजग नहीं हैं, न ही कार्य करने को तैयार होते हैं। सिर्फ आश्वासन ही देते हैं। बैठक में पदाधिकारियों ने फैसला किया है कि सभी दिव्यांग जनों के अंत्योदय राशन कार्ड बनवाया जाए, दिव्यांगों को मुद्रा ऋण दिलवाया जाए, ताकि वह रोजगार कर सकें। दिव्यांग अधिनियम 2016 जमीनी स्तर पर लागू हो, ताकि दिव्यांगों के साथ आए दिन हो रही घटनाएं न बढ़ें। दिव्यांगों को मुख्यमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाया जाए। तय हुआ कि मांगे पूरी नहीं हुईं तो यूनियन धरना प्रदर्शन करेगी। बैठक में ओमप्रकाश, हरिहर, कामिल खान, जाहिर, हबीब, नारायण, रंजीत आदि दिव्यांग मौजूद रहे।

# जन्म प्रमाण पत्र बनवाने की अफवाह पर उमड़ी भीड़

संवाददाता, धौरहरा

- तहसीलदार ने समझा बुझाकर लोगों को शांत कराया और सभी को भेजा वापस घर

**अमृत विचारः** कस्बे सहित क्षेत्र में किसी ने अफवाह फैला दी कि मंगलवार को तहसील में जन्म प्रमाण पत्र बनाए जाएंगे। इसी अफवाह के चलते मंगलवार की सुबह काफी संख्या में लोग तहसील पहुंच गए। तहसीलदार आदित्य विशाल ने लोगों को बमुश्किल समझा बुझाकर शांत कराया और वापस घर भेज दिया।

किसी ने सोशल मीडिया पर अफवाह फैला दी कि धौरहरा तहसील परिसर में जन्म प्रमाण पत्र बनाने के लिए मंगलवार को शिविर आयोजित किया जाएगा। इस पर एक-एक करके क्षेत्र के काफी संख्या में लोग तहसील परिसर पहुंच गए। दूर दराज के गांवों से आए इन ग्रामीणों ने अपने हाथों में जन्म प्रमाण पत्र छपे फार्म ले रखे थे।

ग्रामीणों के मुताबिक इन लोगों को बताया गया कि जन्म प्रमाण पत्र तहसील में इसी फार्म पर एसडीएम द्वारा बनाया जाएगा। एसडीएम राजेश कुमार के कार्यालय के सामने लगी भीड़ देख तहसीलदार आदित्य विशाल ने ग्रामीणों से बात की तो पता चला किसी ने अफवाह फैला दी कि सभी का जन्म प्रमाण पत्र एसडीएम कार्यालय में शिविर लगाकर मंगलवार को बनए जाएंगे। तहसीलदार आदित्य विशाल ने ग्रामीणों को समझाया कि इस तरह का कोई प्रमाण पत्र एसडीएम या तहसीलदार कार्यालय से जारी नहीं किया जाता है।

किसी तरह की अफवाहों पर ध्यान न दें। तब जाकर बमुश्किल लोग अपने घर वापस हुए। तहसीलदार आदित्य विशाल ने बताया किसी अफवाह के चलते काफी संख्या में लोग तहसील परिसर में आए थे जिन्हें समझा बुझा वापस घर भेज दिया गया। अफवाह किसने फैलाई, इसकी जांच कराई जाएगी और उसके बाद कार्रवाई की जाएगी।

# कलेक्ट्रेट परिसर को बनाया हाईटेक 32 कैमरों से की जाएगी निगरानी

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचारः** डीएम ने कलेक्ट्रेट परिसर में वॉर रूम तैयार किया है, जिसका आरंभ मंगलवार को लखनऊ मंडल की कमिश्नर डॉ. रोशन जैकब ने किया है। वॉर रूम से कलेक्ट्रेट परिसर की निगरानी होगी। इसके लिए परिसर में 32 हाईटेक कैमरे लगाए हैं। डीएम ने शिकायत दर्ज कराने के लिए हेल्पलाइन नंबर 05872-298002 जारी किया है। पीड़ित इस पर फोन कर अपनी समस्या एवं शिकायत दर्ज करा सकेंगे।

वॉर रूम का आरंभ करते हुए कमिश्नर डॉ. रोशन जैकब ने कहा कि वॉर रूम जिला प्रशासन की कार्यप्रणाली में पारदर्शिता एवं त्वरित कार्रवाई की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने कमिश्नर को वॉर रूम की कार्यप्रणाली, कैमरा नेटवर्क, शिकायत दर्ज करने की प्रक्रिया से लेकर मॉनिटरिंग सिस्टम के बारे में बताया। एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह ने कहा कि वॉर रूम से कलेक्ट्रेट की हर गतिविधि पर नजर रहेगी। इससे लोगों की शिकायतों का समाधान समय पर हो सकेगा।

एडीएम ने बताया कि इसका प्रभारी ई-डिस्ट्रिक्ट मैनेजर अनुज वर्मा को बनाया गया है। परिसर में होने वाली गतिविधियों पर नजर रखने के लिए 32 सीसीटीवी कैमरे लगवाए हैं, जिन्हें वॉर रूम से कनेक्ट किया गया। इस दौरान सीडीओ अभिषेक कुमार, एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह, एसडीएम सदर अश्विनी कुमार सिंह, सीओ सिटी रमेश कुमार तिवारी आदि मौजूद रहे।


कलेक्ट्रेट में बने वॉर रूम के बारे में कमिश्नर को जानकारी देते एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह।

### वॉर रूम से मिलेगा तुरंत समाधान

डीएम ने बताया कि लोग अपनी समस्या एवं शिकायत हेल्पलाइन नंबर 05872-298002 पर फोन कर दर्ज करा सकेंगें। शिकायत डिजिटल माध्यम से रिकॉर्ड होगी, जिसे संबंधित विभाग को त्वरित कार्रवाई के लिए भेज दिया जाएगा। डीएम ने बताया कि वॉर रूम से न सिर्फ शिकायतों के निस्तारण की निगरानी करेगा, बल्कि सीसीटीवी नेटवर्क से पूरी प्रक्रिया पर नजर रखी जाएगी।

- हर गतिविधि को किया जाएगा रिकॉर्ड, कमिश्नर ने वॉर रूम का किया लोकार्पण







### पंपिंग सेट चोरी की नामजद रिपोर्ट दर्ज

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के गांव भैंसौरी मजरा बांसी निवासी राजेंद्र प्रसाद उर्फ पप्पू पुत्र बदलूराम ने अपने खेत में लगी मोटर चोरी किए जाने की दो के नामजद रिपोर्ट दर्ज करा दी है। राजेंद्र प्रसाद उर्फ पप्पू ने पुलिस में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि उसके खेत में लगा हुआ पंपिंग सेट नौ जून की रात मुड़िया मंसाराम गांव निवासी सोमेंद्र कुमार पुत्र पृथ्वीपाल और करन कुमार पुत्र सुंदरलाल पासी ने चोरी कर लिया है। जब वह उनके गांव गया तो दोनों घर पर मौजूद नहीं मिले। पुलिस ने दोनों के नामजद रिपोर्ट दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

### युवती को फुसलाकर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार :** थाना हैदराबाद क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने अपनी 18 वर्षीय बेटी को बहला फुसलाकर भगा ले जाने की नामजद रिपोर्ट दर्ज करा दी है। थाना हैदराबाद क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने पुलिस में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि आठ जून को सुबह 11.30 बजे उसकी पुत्री छोटी बहन के साथ खेत पर गई थी, जहां उसकी बड़ी बेटी को कन्हैयागंज गांव निवासी पुष्पेंद्र उर्फ लाली पुत्र मिश्रीलाल बहला फुसलाकर भगा ले गया है। उसकी छोटी बेटी में घर पर आकर सारी बात बताई। पुलिस ने पुष्पेंद्र के नामजद रिपोर्ट दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

### महिला ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**महंगापुर, अमृत विचार :** थाना संपूर्णानगर के गांव विचित्रनगर सेमरी बगिया निवासी राधा (35) पत्नी हबीबुल्ला ने अपने घर के टीन शेड में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। प्रभारी निरीक्षक अंबर सिंह ने बताया कि शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने पुत्री पायल रस्तोगी को गलत आचरण एवं दुर्व्यवहार के कारण सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उसके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगी। मेरा व मेरे परिवार से कोई वास्ता नहीं होगा। **अनिल रस्तोगी पुत्र बसंत लाल निवासी मोहल्ला सईदान सिरौली तहसील आंवला जिला बरेली।**

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि बैंक खाते में मेरा नाम भूलवश कुसुमा देवी दर्ज हो गया है जबकि मेरा वास्तविक नाम कुसुम लता है। आधार कार्ड व अन्य दस्तावेजों में भी मेरा नाम कुसुम लता ही दर्ज है। **कुसुम लता पत्नी धर्मेन्द्र सिंह निवासी कुम्हरा मुड़िया अहमद नगर, बरेली।**

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने पुत्र शाने अली व उसकी पत्नी रूकसार को गलत आचरण एवं दुर्व्यवहार के कारण सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगे। मेरा व मेरे परिवार से कोई वास्ता नहीं होगा। लियाकत अली पुत्र श्री इरशाद अहमद निवासी ग्राम खमरिया पंडरी पोस्ट पौटा कलां थाना बरखेड़ा कलां तहसील बीसलपुर जिला पीलीभीत।

**सूचना**

मैंने अपने पुत्र शानू व पुत्रवधू तरन्नुम के दुर्व्यवहार के कारण सम्बंध विच्छेद कर समस्त चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है, वे अपने कृत्यों के स्वयं जिम्मेदार होंगे। **नजमा बेगम पत्नी चंदा मियां निवासी- 20/22 जखीरा, निकट डोमनी मस्जिद थाना किला, बरेली।**

**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

# एनसीसी कैडेट्स ने शिविर में सीखा हथियार चलाना

**पलियाकलां, अमृत विचार :** नगर के द इंडियन एकेडमी में आयोजित किए गए शिविर में प्रशिक्षण ले रहे एनसीसी कैडेट्स को हथियार चलाना सिखाया गया। मंगलवार को एनसीसी कैडेट्स की हथियार चलाने की पोजीशन व वैपन ट्रेंनिग की परीक्षा आयोजित की गई। उनकी लिखित परीक्षा कराकर उन्हें ओएमआर शीट भरने के लिए प्रशिक्षित किया गया। यूनिसेफ की बिजुआ ब्लॉक की मोबिलाईजेशन कोऑर्डिनेटर लक्ष्मी भारती ने कैडेट्स को बच्चों के अधिकार, उनकी रक्षा, क्षमता विकास, समग्र कल्याण में सुधार और आपातकालीन सहायता के बारे में जागरूक किया। सायंकाल टेंट पिचिंग प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया।

# कमिश्नर ने डीएम के साथ चैनलाइजेशन का लिया जायजा

## अधिकारियों को समय पर काम पूरा कराने के दिए निर्देश, गांव करसौर निवासियों ने अपने क्षेत्र में कटाव निरोधक कार्य की मांग की

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** बाढ़ नियंत्रण एवं शारदा नदी में कराए जा रहे चैनेलाइजेशन कार्य का जायजा लेने के लिए मंगलवार को कमिश्नर जिले में पहुंचीं। उन्होंने डीएम एवं बाढ़ खंड के अधिकारियों के साथ चैनेलाइजेशन से लेकर कटाव निरोधक परियोजनाओं का जायजा लिया। कमिश्नर ने संबंधित अधिकारियों को गुणवत्ता के साथ जनहित को प्राथमिकता देकर कार्य कराने के निर्देश दिए।

कमिश्नर डॉ. रोशन जैकब ने डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल के साथ खैराना जंगल के पास शारदा नदी के चैनेलाइजेशन कार्य का स्टार्टिंग पॉइंट से लेकर एक किलोमीटर तक मोटर बोट से जायजा लिया। उन्होंने कहा कि चैनेलाइजेशन कार्य बाढ़ नियंत्रण के लिहाज से अत्यंत महत्वपूर्ण हैं, जो पहली बार जिले में 250 मीटर चौड़ाई में पायलट प्रोजेक्ट के तहत हो रहा है। इसके समय पर पूरा होने से न सिर्फ नदी का जल प्रवाह बेहतर होगा, बल्कि क्षेत्र के किसानों और स्थानीय ग्रामीणों को बाढ़ व जलभराव से निजात मिलेगी। अधिशासी अभियंता (बाढ़ खंड) अजय कुमार ने बताया कि 250 मीटर चौड़ाई में कार्य पूरा हो गया है। निकाली गई बालू दोनों तरफ बांधे के रूप में रखी जा रही है। नदी के पुराने कोर्स को जीओ ट्यूब लगाकर बांधा जा रहा है, ताकि नदी का पानी चैनेलाइजेशन के रास्ते में बढ़ सके। इस कार्य में 28 पोकलैंड, 28 छोटे ड्रेजर 280 ट्रैक्टर लगाकर कार्य युद्ध स्तर पर कराया जा रहा है।



डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल के साथ चैनलाइजेशन का जायजा लेतीं कमिश्नर डॉ. रोशन जैकब।

### बेलहा सिकटिहा के लोगों को जल्द मिलेगी राहत

कमिश्नर ने डीएम के साथ शारदा नदी के दाएं तट पर गांव समूह बेलहा और सिकटिहा की सुरक्षा के लिए कराए जा रहे कटाव निरोधक कार्यों का जायजा लेकर ग्रामीणों से बात की। इस दौरान अधिशासी अभियंता बाढ़ खंड अजय कुमार ने परियोजना की रूपरेखा, तकनीकी पहलुओं और अब तक हुई प्रगति बताई। साथ ही बताया कि परियोजना के तहत पूरी लंबाई में जियो ट्यूब, जियो बैग की लॉन्चिंग एप्रन और तीन पंक्तियों में पॉर्क्युपाइन संरचनाएं लगाई गई हैं, जो नदी के कटाव को प्रभावी ढंग से रोकने में सहायक होंगी। इस दौरान गांव करसौर निवासियों ने भी अपने क्षेत्र में कटाव निरोधक कार्य कराने की मांग की। इस पर ईई ने कमिश्नर को बताया कि यह क्षेत्र अफ़्लेक्स बांध के तहत (डूब क्षेत्र) में आता है और यह सिंचाई खंड शारदा नगर के अधीन है। कमिश्नर ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनकर करसौर को कटान से बचाने के लिए नियमानुसार कार्रवाई के निर्देश दिए।

# मंडल आयुक्त ने थारू महिलाओं की सुनीं समस्याएं

संवाददाता, पलिया कलां

- ग्राम चौपाल में स्कूली बालिकाओं को दी गईं साइकिलें

**अमृत विचार:** लखनऊ मंडल आयुक्त डॉ. रोशन जैकब ने थारू जनजाति क्षेत्र के गांव परसिया में आयोजित ग्राम चौपाल की अध्यक्षता की। महिलाओं से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनी गईं और समाधान के निर्देश दिए। स्कूली बालिकाओं को साइकिलें, लाभार्थियों को विभिन्न योजनाओं की सामग्री वितरित की। थारू हस्तशिल्प केंद्र का निरीक्षण कर जनजातीय महिलाओं के हुनर की प्रशंसा की।

थारू महिलाओं ने आयुक्त और डीएम का पारंपरिक वेशभूषा में स्वागत किया। आयुक्त ने 25 थारू स्कूली बालिकाओं को साइकिलों का वितरण किया। इसके अलावा, 05 लाभार्थियों को ओडीओपी टूल किट, 05 को आयुष्मान कार्ड और एनआरएलएम अंतर्गत सीसीएल का चेक दिया। विद्युत सखी और बीसी सखी को भी कार्यों के लिए डिवाइस प्रदान की। डीएफओ सौरीस सहाय ने इको टूरिज्म और पर्यावरण संरक्षण की योजनाओं के बारे में जानकारी दी।

थारू महिलाओं ने आयुक्त और डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल को पारंपरिक डलवा पहनाकर उनका स्वागत किया। सीडीओ अभिषेक कुमार के साथ ग्राम बलेरा स्थित एकीकृत जनजाति विकास परियोजना चन्दन चौकी द्वारा संचालित हस्तशिल्प उत्पादन एवं विक्रय केन्द्र का भ्रमण किया। इस दौरान प्रशिक्षु आईएएस सुश्री मनीषा, एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह, परियोजना अधिकारी यूके सिंह भी मौजूद रहे।

# मरीज के परिजनों ने किया निजी अस्पताल पर हंगामा

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** शहर के राजापुर रोड पर एक अस्पताल के डॉक्टर पर मरीज की मौत के बाद मंगलवार को भड़के परिजनों ने डॉक्टर पर दो लाख रुपये वसूलने और शव न देने का आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा किया। इससे रोड पर जाम लग गया। पुलिस ने परिजनों को किसी तरह से समझा बुझाकर शांत कराया। तब जाकर करीब एक घंटे बाद आवागमन सुचारु हो सका। पुलिस ने कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

थाना हैदराबाद क्षेत्र के गांव अल्लीपुर निवासी सुमित कुमार मिश्रा (34) पुत्र आनंद कुमार मिश्रा का करीब 15 दिन पहले मोहम्मदी में हुए सड़क हादसे में पैर टूट गया था। परिजन उसे खीरी रोड पर आवास विकास में एक निजी अस्पताल लेकर गए। जहां पर डॉक्टर ने उसका इलाज किया। परिजनों का आरोप है कि युवक करीब 13 दिनों तक अस्पताल में भर्ती रहा, लेकिन ऑपरेशन के बाद उसकी हालत सुधरने के बजाय और अधिक बिगड़ती चली गई। आरोप है कि डॉक्टर ने उससे करीब दो लाख रुपये ले लिए और हालत अधिक खराब होने पर सोमवार को उसे लखनऊ रेफर कर दिया। परिजन उसे लखनऊ लेकर गए, लेकिन किसी भी अस्पताल ने उसको भर्ती नहीं किया। इससे परेशान परिजन उसे दोबारा अस्पताल लेकर आए, लेकिन आरोपी निजी अस्पताल के चिकित्सक ने मरीज को देखना तक मुनासिब नहीं समझा। वहीं कुछ देर के बाद युवक की मौत हो गई।



घटना स्थल से भीड़ को हटाती पुलिस। • अमृत विचार

- शव न देने और दो लाख रुपये लेने पर भड़के परिजन
- ऑपरेशन के बाद मरीज की हालत बिगड़ी, लखनऊ रेफर
- खीरी रोड पर लगा जाम, पुलिस ने समझाकर कराया शांत



मृतक के परिजनों को समझाती पुलिस। • अमृत विचार

मौत होने की जानकारी होते ही परिजन आक्रोशित हो उठे और हंगामा करने लगे। हंगामे के कारण राजापुर रोड पर भारी जाम लग गया। किसी ने हंगामे की खबर पुलिस को दी। शहर कोतवाल हेमंत राय भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने किसी तरह परिजनों को समझा बुझाकर शांत कराया और कार्रवाई का आश्वासन देकर शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा। तब जाकर करीब एक घंटे बाद जाम खुल सका।

परिजनों ने निजी चिकित्सक के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी है। परिजनों का आरोप है कि युवक के पूरे शरीर पर छाले पड़ने लगे थे। वहीं पैर भी सड़ने लगा था। शहर कोतवाल हेमंत राय ने बताया कि तहरीर मिली है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल पुलिस छानबीन कर रही है।

# विधायक ने मृतकों के परिजनों को दिए 60 हजार रुपये

संवाददाता, संसारपुर

**अमृत विचार:** पलिया विधायक रोमी साहनी ने मदद का सिलसिला जारी रखते हुए तीन मृतक आश्रितों को 60 हजार रुपया सहायता राशि दी है।

ब्लॉक बांकेगंज के ग्राम अन्नापुर ग्रंट नंबर 11 में पंकज गौतम पुत्र जमुना प्रसाद की नहर में डूबने से मौत पर पीड़ित परिवार ने विधायक को बताया कि मृतक पंकज गौतम एक मात्र कमाने वाला था। विधायक रोमी साहनी ने मृतक पंकज गौतम की पत्नी मीना देवी को 20 हजार रुपये की सहायता दी। साथ ही सरकार से भी जल्द आर्थिक सहायता दिलाने की बात कही।

गांव गंगापुर ग्रंट नंबर 10 में कुछ दिन पहले झगड़े में जागेश्वर पुत्र लालता प्रसाद की मौत पर विधायक ने मृतक की पत्नी खिलौना देवी को 20 हजार रुपये की मदद की।



मृतक आश्रित को सहायता राशि देते विधायक रोमी साहनी। • अमृत विचार

ग्राम पंचायत सुआबोझ के कपरहा कुआं गांव निवासी राजकुमार निषाद पुत्र मातासेवक की सड़क दुर्घटना में मौत पर विधायक ने मृतक की पत्नी मालती देवी और बच्चों को 20 हजार रुपये की आर्थिक मदद की। विधायक ने कहा कि पीड़ित परिवारों की मदद का सिलसिला यूं ही जारी रहेगा।

# सीडीओ की जांच के बाद बाल गृह की केयर टेकर पर रिपोर्ट दर्ज

**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** चौक कोतवाली क्षेत्र में नवादा इंदेपुर में स्थित राजकीय बाल शिशु गृह में बच्चों की पिटाई करते हुए केयर टेकर पूनम गंगवार का रविवार का वीडियो वायरल हुआ था। डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने मामले की जांच सीडीओ डॉ. अपराजिता सिंह को सौंपी थी। सोमवार को सीडीओ ने राजकीय बाल गृह जाकर संबंधित लोगों के बयान लिए। डीएम ने जिला प्रोबेशन अधिकारी गौरव मिश्रा को रिपोर्ट दर्ज करने के आदेश दिए थे। उन्होंने दर्ज रिपोर्ट में कहा है कि सामाजिक कार्यकर्ता के रूप में जिला बाल संरक्षण इकाई द्वारा राजकीय बाल गृह में संबद्धता अवधि के दौरान बच्चों से क्रूर व्यवहार किया गया। वायरल वीडियो में पूनम बच्चों को थप्पड़ एवं डंडे से मारापीटा गया आपराधिक कृत्य है। 9 जून को सीडीओ ने राजकीय बाल गृह एवं वन स्टाप सेंटर का निरीक्षण किया था। उन्होंने पूनम गंगवार के बयान लिए थे। प्रभारी निरीक्षक अश्वनी कुमार सिंह ने बताया कि पूनम के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

# रिपोर्ट दर्ज कराने को परिजनों का पांच घंटे हंगामा

संवाददाता, मझगईं

**अमृत विचार:** ट्यूबवेल में उतरे करंट से युवक की मौत के बाद सोमवार देर रात तक हंगामा चलता रहा। परिवार के लोगों ने पुलिस को शव नहीं उठाने दिया। वह ट्यूबेल मालिक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराने की मांग कर रहे थे। हालांकि प्रभारी निरीक्षक के कार्रवाई का आश्वासन देने पर करीब पांच घंटे बाद परिजन माने।



मृतक साजिद अली।

थाना निघासन के गांव दुबहा निवासी साजिद कुरैशी (35) मझगईं अपनी ससुराल में पत्नी और तीन बच्चों के साथ रह रहा था। वह दिहाड़ी मजदूरी और फेरी लगाकर आम की बिक्री कर परिवार पाल रहा था। सोमवार सुबह वह साइकिल से काम पर निकला था। प्यास लगने पर वह सरस्वती शिशु मंदिर के पास रामकुमार शुक्ला के खेत में चल रहे ट्यूबवेल पर पानी पीने के लिए गया था, जहां ट्यूबवेल पर उतरे करंट की चपेट में आकर उसकी पानी भरे हौज में गिरने से मौत हो गई थी। शाम तक जब वह घर नहीं पहुंचा तो परिवार वालों ने तलाश की। तलाश के दौरान उसका शव पानी के हौज से बरामद हुआ था। शव मिलने के बाद परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस शव का पंचायतनामा भरकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेजने की तैयारी कर रही थी। इसी बीच मृतक के परिजन भड़क गए और परिजनों ने ट्यूबवेल मालिक पर रिपोर्ट दर्ज करने की मांग को लेकर हंगामा शुरू कर दिया।

- प्रभारी निरीक्षक के आश्वासन पर माने परिजन

> परिवार वाले कार्रवाई की मांग को लेकर अपनी जिद पर अड़े थे। उन्हें समझा बुझाकर शांत करा दिया गया था। शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। मृतक की पत्नी ने खेत मालिक और उसके नौकर को नामजद करते हुए तहरीर दी है। जांच कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।
>
> –राजू राव, प्रभारी निरीक्षक थाना मझगईं।

परिजनों का आरोप था कि ट्यूबवेल मालिक ट्यूबवेल चलाने के बाद उसमें करंट लगाकर छोड़ कर चला जाता है। इससे हादसा हुआ और साजिद कुरैशी की जान चली गई। प्रभारी निरीक्षक राजू राव ने परिवार वालों को काफी समझाने की कोशिश की, लेकिन वह जिद पर अड़ गए। करीब पांच घंटे तक चले हंगामे के बाद प्रभारी निरीक्षक ने जांच कराकर कार्रवाई का आश्वासन दिया।

तब जाकर परिजन शांत हुए। पति की मौत से उसकी पत्नी करीना बानो का रो-रोकर हाल बेहाल है। उसके तीन पुत्र गुलसेफ (8) शाहिद (6) व गुलफान (4) हैं। जिनके सिर से पिता का साया उठ गया।

### साइकिल व मोबाइल छिपाकर भाग निकला खेत मालिक का नौकर

मृतक साजिद कुरैशी की पत्नी करीना बानों ने खेत मालिक और उसके नौकर मिसुर महाराज के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी है, जिसमें आरोप लगाया है कि हादसे के दौरान खेत मालिक का नौकर मिसुर महाराज मौके पर मौजूद था, जो उसके पति की साइकिल और मोबाइल छिपाकर भाग गया। उसने परिवार वालों को भी हादसे की जानकारी नहीं दी।

### ट्यूबेल में आ रहा था 440 वोल्टेज का करंट

मृतक के परिवार वालों के हंगामा और ट्यूबवेल की जांच कराए जाने की मांग पर पुलिस ने इलेक्ट्रिशियन मझगईं निवासी राम हरीश, जाबिर अली और थाना निघासन के गांव दुबहा निवासी गुफरान अली को मौके पर बुलाया और जांच कराई। प्रभारी निरीक्षक राजू राव के मुताबिक जांच में 440 वोल्ट का करंट लगा पाया गया। इससे आम लोगों के साथ ही पानी को पीने के लिए आने वाले छुट्टा पशुओं के लिए भी जान का खतरा बना हुआ था।

# दोस्तों के साथ नहाने गया युवक घाघरा नदी में डूबा

**धौरहरा, अमृत विचार:** थाना खमरिया क्षेत्र के गांव पकरिया गांव निवासी आयुष मौर्य (18) पुत्र हरिनाम मौर्य अपने मित्र आदर्श सहित अन्य चार युवकों के साथ मंगलवार को सुबह सेमरिया में स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर पर गया था। जहां प्रसाद चढ़ाने के बाद घर जाते समय सभी भीषण गर्मी के चलते, नारीबेहड़ गांव के पास घाघरा नदी में नहाने चले गए। जहां नहाते समय आयुष मौर्य गहरे पानी में चला गया और वह डूब गया, जिसको डूबते देख साथियों में चीख पुकार मच गई। साथियों ने परिजनों को घटना की सूचना दी। इससे उनमें कोहराम मच गया। रोते-बिलखते परिवार के लोग तमाम ग्रामीणों के साथ मौके पर पहुंच गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने गोताखोर बुलाकर नदी में उतारा और उसकी खोजबीन शुरू कराई, लेकिन शाम तक उसका कोई पता नहीं चल सका है। एसडीएम राजेश कुमार ने बताया सूचना मिली है। पुलिस गोताखोरों की मदद से नदी में तलाश कर रही है, अभी युवक का पता नहीं चला है।

# मारपीट, पथराव व फायरिंग मामले में दो और गिरफ्तार

संवाददाता, बिजुआ

- गांव मुड़िया हेमसिंह में हुए बवाल का मामला

**अमृत विचार:** थाना भीरा की पुलिस चौकी बिजुआ क्षेत्र के गांव मुड़िया हेमसिंह ने बकरीद से एक दिन पहले इमाम को लेकर हुई मारपीट, पथराव और ताबड़तोड़ फायरिंग के मामले में पुलिस ने दो और आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। पुलिस ने दोनों आरोपियों से एक-एक तमंचा बरामद होने का दावा किया है। अब तक इस मामले में जेल भेजे जाने वाले आरोपियों की संख्या बढ़कर चार पहुंच गई है।

छह जून की शाम गांव मुड़िया हेमसिंह में बकरीद पढ़ाने के लिए इमाम को लेकर पंचायत हो रही थी। जिसमें कुछ लोग इमाम का विरोध कर रहे थे तो कुछ लोग इमाम के पक्ष में सामने आए थे। इससे दोनों पक्षों में संघर्ष हो गया था। इस दौरान जमकर मारपीट, पथराव और ताबड़तोड़ कई राउंड फारिंग हुई थी। पुलिस ने दूसरे दिन सीओ गोला गवेंद्र सिंह की कड़ी फटकार के बाद एक पक्ष के मुनौवर हुसैन और दूसरे पक्ष के रहीफुल अंसारी की तहरीर पर दोनों पक्षों के कुल 21 लोगों को नामजद कर कई अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की थी। पुलिस ने रविवार को मुनौवर हुसैन और रहीफुल को गिरफ्तार कर एक लाइसेंसी बंदूक और एक राइफल बरामद कर कब्जे में लेकर दोनों आरोपियों का चालान भेजा था। एसओ सुनील मलिक ने बताया कि मंगलवार को पुलिस ने गुड्डू उर्फ जुल्फिकार और जमाल को गिरफ्तार किया है। दोनों के पास से एक-एक 315 बोर का तमंचा और कारतूस बरामद किए गए हैं। पुलिस ने दोनों आरोपियों का चालान भेजा है।

### लापरवाही सामने आने के बाद भी चौकी इंचार्ज पर नहीं हुई कार्रवाई

**बिजुआ।** गांव मुड़िया हेमसिंह में हुए बवाल में चौकी पुलिस की बड़ी लापरवाही सामने आई थी। मौके पर पहुंचे सीओ गवेंद्र सिंह को इमाम मोहम्मद कयूम ने बताया कि 15 दिन पहले गांव के ही एक युवक ने उनके साथ गाली गलौज और अभद्रता की थी, जिसकी उन्होंने तहरीर भी पुलिस को दी थी, लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की थी। गाली व अभद्रता करने वाला पक्ष बकरीद पर इमाम मोहम्मद कयूम के नमाज पढ़ाने का विरोध कर रहा था। इसी बात को लेकर इतना बवाल हुआ। ग्रामीणों का कहना है कि पुलिस तहरीर पर कार्रवाई करती तो शायद यह बवाल टल सकता था। इतनी बड़ी लापरवाही सामने आने के बाद भी पुलिस अफसर चौकी इंचार्ज को बचाने की कोशिश में जुटे हैं।

# दुर्घटना में पिकअप पलटी, तीन की मौत, 25 घायल

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** पीलीभीत-बस्ती हाईवे पर थाना फरधान क्षेत्र में मंगलवार की देर शाम भीषण हादसा हो गया। थाना फरधान क्षेत्र के लालपुर में मजदूरों को लेकर पंजाब जा रही पिकअप और मिनी बस में टक्कर हो गई। हादसे के बाद पिकअप हाईवे पर ही पलट गई। टक्कर इतनी तेज हुई कि दोनों वाहनों के परखच्चे उड़ गए। हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि 25 से अधिक घायल हो गए। घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

शहर के राजापुर चौराहा के पास से एक पिकअप में सवार होकर करीब 25 मजदूर धान की रोपाई करने के लिए पंजाब जा रहे थे। लालपुर के पास मोहम्मदी से लखीमपुर आ रही मिनी बस और पिकअप की आमने-सामने टक्कर हो गई। टक्कर इतनी तेज हुई कि पिकअप के परखच्चे उड़ गए और वह सड़क पर ही पलट गई। बस का अगला हिस्सा पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया।

हादसे के बाद चीख पुकार मच गई। दोनों वाहनों के बीच हुई टक्कर के बाद लोग पिकअप में फंसे तड़पते रहे। खून से लथपथ लोगों की चीख पुकार मची थी। बड़ी संख्या में पहुंचे लोगों ने पिकअप को सीधा करके उसके नीचे दबे सभी लोगों को किसी तरह से बाहर निकाला। सीओ सिटी रमेश कुमार तिवारी, फरधान प्रभारी निरीक्षक दयाशंकर द्विवेदी समेत भारी पुलिस बल मौके पर पहुंच गया। पुलिस ने मौके पर पहुंची 108 और 102 एंबुलेंस से सभी घायलों को जिला अस्पताल भेजा, जहां डॉक्टर ने सूरज (20) पुत्र बीरेंद्र कुमार निवासी खगिया कोतवाली धौरहरा को मृत घोषित कर दिया।

बाद में कल्लू पुत्र रामलोटन निवासी थाना हैदराबाद ने दम तोड़ दिया। संदीप राज पुत्र साधु राज खगियापुर कोतवाली धौरहरा की लखनऊ ले जाते समय मौत हो गई। 14 घायलों का जिला अस्पताल में उपचार चल रहा है। शेष घायलों को छुट्टी दे दी गई।



घायलों को जिला अस्पताल ले जाती एंबुलेंस। • अमृत विचार

- मजदूरों को भरकर पंजाब जा रही थी पिकअप

### दुर्घटना में मौत, अज्ञात वाहन चालक पर रिपोर्ट

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार :** इमलिया गांव निवासी नंदराम पुत्र टीकाराम ने पुलिस में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि उसका पुत्र प्रेम (40) सात जून की शाम 7 .30 बजे अजान से पैदल घर वापस आ रहा था, तभी अजान घरथनिया मार्ग पर किरतापुर मोड़.के पास अज्ञात वाहन ने उसके बेटे को टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर घायल हो गया। उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोला ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसके बेटे को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

ROHILKHAND MEDICAL COLLEGE & HOSPITAL BAREILLY Excellence towards profession
रोहिलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल
पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली की ओर से
नि:शुल्क नेत्र, दन्त व हृदय चिकित्सा शिविर
12 जून 2025, (बृहस्पतिवार) प्रातः 10 से दोपहर 1 बजे तक
स्थान : अंकुर राईस मिल, निकट असम चौराहा, पूरनपुर रोड, पीलीभीत
- आँखो के कैम्प में आये मरीजों को दवाईयाँ मुफ्त।
- मोतियाबिंद का ऑपरेशन व दवाईयाँ एवं लैंस मुफ्त।
- मोतियाबिन्द के भर्ती मरीज को खाना मुफ्त एवं बस द्वारा लेकर जाना मुफ्त।
- यदि मोतियोबिन्द निकलता है तब आपरेशन रोहिलखण्ड हास्पिटल में ले जाकर मुफ्त में किया जायेगा।
- मोतियाबिन्द के मरीज घर से आधार कार्ड व कम्बल साथ लाना न भूलें।
- दन्त रोग परीक्षण व इलाज मुफ्त ।
शिविर में उपलब्ध जांचें
दवाईयाँ भी मुफ्त | नि:शुल्क परामर्श | नि:शुल्क ई.सी.जी. | नि:शुल्क ब्लड शुगर | ब्लड प्रेशर की जांच
सौजन्य से :- • स्वामी प्रवक्ता नन्द, विधायक 128-बरखेड़ा विधान सभा, पीलीभीत • डॉ. आस्था अग्रवाल अध्यक्ष नगर पालिका परिषद, पीलीभीत • कविता बंसवाल, अध्यक्ष, हीमोफीलिया सोसायटी, पीलीभीत
नि:शक्त जन सेवा संस्थान पीलीभीत
रजिस्ट्रेशन कराने के लिए सम्पर्क करें अनिल कमल (फोन 9897895585)
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें। शकीब उद्दीन मो. नं. 8534088093

